e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 231
शुक्रवार
23.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना हैं। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं हैं।

## क्विक न्यूज

### लेह में 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, छह लोगों की मौत

**श्रीनगर** : लेह के दुर्गुक इलाके में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें छह लोगों के मारे जाने की शुरुआती जानकारी आ रही है। वहीं करीब 19 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। लेह के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि घायलों को सेना और सीएचसी तांगत्से स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में भर्ती कराया गया है।

### डीएसपी के रीडर को रिश्वत के आरोप में विजिलेंस ने किया गिरफ्तार

**शिमला** : शिमला के जिला पुलिस अधीक्षक दफ्तर में रीडर के पद पर तैनात रहे एक कांस्टेबल को रिश्वत के आरोप में विजिलेंस ने गिरफ्तार किया है। रीडर ने एट्रोसिटी से जुड़े एक मामले को रफा-दफा करने के लिये शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी।शिकायतकर्ता ने इसकी विजिलेंस को इसकी सूचना दी। इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस द्वारा आरोपित को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। बुधवार शाम विजिलेंस ब्यूरो के एक विशेष दस्ते ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।आरोपित की पहचान संदीप कुमार के तौर पर हुई है। वह एसपी दफ्तर में डीएसपी का रीडर तैनात था। विजिलेंस की कार्रवाई के बाद आरोपित को एसपी दफ्तर से हटाकर पुलिस लाइन कैंथू तैनात कर दिया गया था।

### आंध्र प्रदेश विस्फोटः हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलेंगे एक-एक करोड़

**विशाखापट्टनम** : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को अच्युतापुरम एसईजेड के दुर्घटना पीड़ितों से मुलाकात करने मेडिकवर हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां इलाज करा रहे घायलों से मिलकर डॉक्टरों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनके उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करेगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया। सीएम नायडू ने घटना के पीड़ितों को इलाज के दौरान बहादुर बनने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिजनों से बात की।

### देश की जीडीपी ग्रोथ रेट पहली तिमाही में 6 फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली** : घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी आने से देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में छह फीसदी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि जून तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर के आधिकारिक आंकड़े 30 अगस्त को आएंगे।निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा (आईसीआरए लिमिटेड) ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल-जून तिमाही में छह फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है। इक्रा ने पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2 फीसदी की ग्रोथ से कम है।

### 15 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ स्मगलर अरेस्ट

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जॉइंट ऑपरेशन में एक इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। टीम ने इस सिंडिकेट की एक विदेशी ड्रग ट्रैफिकर को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से 3.8 किलोग्राम मेस्कलीन नामक ड्रग्स बरामद किया है। आरोपी मेस्कलीन की कुछ इस तरह से तस्करी करते थे कि उनको पकड़ पाना बेहद मुश्किल था, लेकिन फिर भी पुलिस और एनसीबी की टीमें इन पर भारी पड़ीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंटरनेशनल मार्किट में 3.8 किलोग्राम मेस्कलीन की कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 30°
न्युनतम 24°

---

पलामू : प्रमंडल स्तरीय झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# हर घर में पहुंच रही है सरकार की योजना : हेमंत सोरेन

**5 लाख 91 हजार 919 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि का किया हस्तांतरण**

**मुख्यमंत्री ने कहा : झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की बहन-बेटियों को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** हमारा समाज और राज्य तभी आगे बढ़ेगा जब यहां के आदिवासी, दलित, गरीब, वंचित, मजदूर-किसान और महिलाएं सशक्त होंगी। इन सभी को साथ लेकर ही मजबूत झारखण्ड का निर्माण संभव हैं। यही वजह है कि इन्हें सशक्त करने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में महिलाओं की गरिमा, मान-सम्मान और हक-अधिकार देने की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति को समर्पित यह योजना इस राज्य की बहन-बेटियों को आगे बढ़ने में काफी मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पलामू के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव-देहात से चल रही है। जब हमारे गांव मजबूत होंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी संकल्प के साथ विभिन्न विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में जिन गांवों में बीडीओ, सीओ और और थानेदार नहीं गए, आज वहां अधिकारी दल बल के साथ पहुंच रहे हैं। वे लोगों की समस्याओं को ना सिर्फ संवेदनशीलता के साथ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान भी कर रहे हैं। आज राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं।

**साढ़े चार वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में जो कार्य नहीं हुआ, उसे हमारी सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बीच पूरा कर दिखाया है। आज राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**बच्चियों के पढ़ाई की जिम्मेवारी राज्य सरकार उठा रही है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियां अब घर- परिवार की बोझ नहीं बनेंगी। ये बच्चियां डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनकर अपना, अपने घर-परिवार, समाज और राज्य का नाम रोशन करेंगी। इसके लिए बच्चियों के शिक्षा की जिम्मेवारी राज्य सरकार उठा रही है। बच्चियां पैसे की तंगी के कारण पढ़ाई नहीं छोड़े, उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है।

**तीन जिलों के 5 लाख 91 हजार 919 लाभुकों को मिला सम्मान राशि**

मुख्यमंत्री ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम में 5 लाख 91 हजार 919 लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। इनमें पलामू जिले के 2 लाख 88 हजार 521, लातेहार जिले के 1 लाख 17 हजार 605 और गढ़वा जिले के 2 लाख 19 हजार 320 लाभुक शामिल हैं।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, मिथिलेश कुमार ठाकुर, श्रीमती बेबी देवी एवं श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, विधायक रामचंद्र सिंह, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, पलामू प्रमंडल के आयुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत पलामू गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सखी मंडल की दीदियों को बना रहे स्वावलंबी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएलपीएस के सखी मंडलों को मजबूत करने की दिशा में हमारी सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। सखी मंडलों के बीच 10 हजार करोड रुपए से ज्यादा वितरित किए गए हैं, ताकि इनसे जुड़ी लाखों महिलाएं स्वावलंबी बनकर समाज के लिए मिसाल बनें।

---

कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

## मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्लीः** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल सरकार और पुलिस से जमकर सवाल किए। कोर्ट ने कहा कि मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है। इससे पहले सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में अपनी स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के पास है। इसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को काम पर लौटने दें और एक बार जब वे ड्यूटी पर लौट आएंगे तो अदालत अधिकारियों को उन पर कार्रवाई न करने के लिए मनाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा।

### कोलकाता केस में लीपापोती की कोशिश की गई, सुप्रीम कोर्ट में पेश रिपोर्ट में सीबीआई का दावा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दी। रिपोर्ट में सीबीआई ने बताया है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में अपराध स्थल से छेड़छाड़ की गई। इस पूरे मामले में लीपापोती की कोशिश की गई। सीबीआई ने अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने पर भी सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को स्वतः संज्ञान लेकर आरजी कर कॉलेज की घटना पर सुनवाई की थी। इसी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई और बंगाल सरकार से घटना की जांच पर स्टेटस रिपोर्ट अदालत में जमा करन का निर्देश दिया था।

---

झारखंड एटीएस ने 16 स्थानों पर की छापेमारी

## आंतकी संगठन के आठ संदिग्ध गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने आंतकी संगठन अलकायदा से जुड़े संगठन से जुड़े आठ आंतकी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि अलकायदा से जुड़ा आंतकी संगठन देश भर में बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था। अलकायदा से जुड़े आंतकी संगठन को रांची के रहने वाला डॉक्टर इश्तियाक लीड कर रहा था।

इस संबंध में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि केन्द्रीय एजेंसी के जरिये कुछ लोगों के संदिग्ध गतिविधि के बारे में दिये गये सूचना के आधार पर गुरुवार को आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने राज्य के विभिन्न जिलों रांची , हजारीबाग और लोहरदगा में एक साथ कुल 16 स्थानों पर छापेमारी की।छापेमारी में एसटीएसफ, रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थीं। इस अभियान में अब तक आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस अभियान में अभी तक अवैध आग्नेयास्त्र, लैपटॉप, कई मोबाईल फोन, कुछ संदिग्ध दस्तावेज सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। सभी संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है एवं इन दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही छापेमारी अभियान जारी है। संदिग्धों के पूछताछ, दस्तावेजों के सत्यापन तथा अग्रतर अभियान के बाद कानूनसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

---

## नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच हुआ गठबंधन



एजेंसी

**श्रीनगर** : जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने विधासनभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि नेकां और कांग्रेस गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया, शाम तक चरणवार सूची प्रकाशित की जाएगी।कांग्रेस ने भी अपने एक्स अकाउंट से गठबंधन की घोषणा की है। जिसमें कहा कि आज पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने श्रीनगर में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि हमारी बैठक हुई। हमारी योजनाएं सही रास्ते पर हैं और हमें उम्मीद है कि गठबंधन अच्छा चलेगा। सीट बंटवारे पर हमारे बीच विचार चल रहा है। आज शाम तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।इससे पूर्व एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि हम जम्मू और कश्मीर के लोगों को ये संदेश देना चाहते हैं कि हमारे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व व राज्य का दर्जा सबसे जरूरी चीज है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में आजादी के बाद कई बार केंद्रीय शासित प्रदेश को राज्य में बदला गया है लेकिन एक ही उदाहरण है जब राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं लोकतंत्र की रक्षा पूरे देश में करता हूं। लेकिन मेरे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों के दिल के दर्द को मिटाना ही लक्ष्य है। जो आपको सहना पड़ता है, जिस डर में आप जीते हो, जो दुख आपको होता है उसे मैं, मल्लिकार्जुन खरगे, पूरी कांग्रेस पार्टी हमेशा के लिए मिटाना चाहते हैं। हम नफरत को मोहब्बत से हराएंगे।

---

## जेपीसी की बैठक में विपक्षी सांसदों ने कई मुद्दों पर जताई नाराजगी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : वक्फ संशोधन बिल 2024 पर चर्चा के लिए बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की गुरुवार को दिल्ली स्थित संसद भवन एनेक्सी में बैठक हुई.सूत्रों की मानें तो जेपीसी की बैठक में अधिकतर सदस्य अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रेजेंटेशन से असंतुष्ट नजर आए. विपक्ष के सदस्यों ने बैठक में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि मंत्रालय के प्रतिनिधि खुद तैयारी से नहीं आए हैं और बातो को समझा भी



नही पा रहे हैं. वक्फ संशोधन बिल 2024 पर चर्चा के लिए बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में में विपक्षी दलों के सांसदों ने कई मुद्दों पर नाराजगी जताई. सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी सांसद बोले,यह कानून धार्मिक स्वतंत्रता, समानता की स्वतंत्रता, अनुच्छेद 26 और कई अन्य कानूनों का पूर्ण उल्लंघन है.

विपक्षी सांसदों ने बिल को रिजेक्ट करने की मांग की. इसके साथ ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने संशोधन विधेयक को बैठक में खारिज किया. वक्फ संशोधन बिल 2024 पर संसद में भी जोरदार हंगामा हुआ था.विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठों के भारी विरोध के बाद 31 सदस्यीय समिति को वक्फ संशोधन बिल 2024 की जांच करने का जिम्मा सौंपा था. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल इस समिति की अध्यक्षता कर रहे हैं.

---

### सीएम ममता का पीएम मोदी को पत्र, सख्त बलात्कार विरोधी कानून लाने की मांग की

एजेंसी

**कोलकाताः** कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुई बर्बर बलात्कार और हत्या की घटना के बाद पूरे देश में मचे हंगामे के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलापन बनर्जी ने मीडिया को पत्र के बारे में जानकारी दी, जिसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में तेजी से न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना का सुझाव दिया है। पत्र में ममता बनर्जी ने लिखा कि मैं आपका ध्यान देश भर में बलात्कार के बढ़ते मामलों की ओर दिलाना चाहती हूं। कई मामलों में बलात्कार के बाद हत्या भी की जा रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश भर में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं।



# खराब मौसम के बावजूद पलामू पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू खतरनाक मौसम में सीएम हेमंत सोरेन और उनके कैबिनेट के मंत्रियों ने हेलीकॉप्टर से सफर किया है। हवा का दवाब हेलीकॉप्टर पर काफी पड़ रहा था। जिस कारण सुनने में समस्या हुई। इस बात की जानकारी खुद सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में आयोजित सभा में दी है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि मौसम बेहद खराब था, चिंता थी पहुंच पाएंगे या नहीं. खराब मौसम में हेलीकॉप्टर पर सवार हुए। हवा के दबाव में कारण ठीक से सुनाई नहीं दे रहा है। दरअसल, पलामू में प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ढाई बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर पहुंचे थे। हेलीकॉप्टर से सीएम के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी और दीपिका पांडेय सिंह मौजूद थे। खराब मौसम का जिक्र करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि महागठबंधन की सरकार हेडक्कार्टर से नहीं गांव देहात से चलने वाली है. मुख्यमंत्री मंईयां योजना पहली योजना नहीं है इससे पहले भी सरकार ने गांव-गांव जाकर समस्याओं का समाधान किया है। 42 लाख महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया जा रहा है। सभी बुजुर्ग को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।झारखंड के पलामू समेत कई इलाकों में खराब मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया था. सीएम कार्यक्रम से पहले पलामू में मौसम साफ था लेकिन कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही मौसम खराब हो गई थी और बारिश होने लगी थी।

## मदन पासवान बने राजद के प्रदेश महासचिव व रिजवान अहमद सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** राजद के वरीय कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने कई जिम्मेदारी दी है। इसमें राजद के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जबकि हैदरनगर के करीमनडीह गांव निवासी सह राजद नेता रिजवान अहमद खान को प्रदेश सचिव बनाया गया है। मनोनयन पत्र देने के बाद राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के प्रति संकल्प व निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेवारी दी गयी है। इनके मनोनयन से पार्टी व संगठन को और मजबूती मिलेगी। जिम्मेदारी देने के उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारियों को राजद नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी की सांगठनिक मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही। कहा कि जो जिम्मेदारी दी गयी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। उक्त पदाधिकारी को जिम्मेदारी मिलने पर राजद नेताओ ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, वरीय नेता कलामुदिन खान, बिनय सिंह यादव, रामप्रवेश राम, महेंद्र यादव, मो0 खुर्शीद, कामख्या नारायण सिंह, सुदेश्वर राम, भरत पासवान, लल्लूपासवान, सत्यनारायण यादव आदि का नाम शामिल है।

## विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग की



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखकर विश्रामपुर को जल्द अनुमंडल बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में पेंटर जिलानी ने कहा है कि विश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है। राज्य सरकार को मानचित्र के साथ सभी जरूरी दस्तावेज पहले ही समर्पित किया जा चुका है। पत्र में पेंटर जिलानी ने मुख्यमंत्री से झारखंड में नगर निकाय चुनाव भी यथाशीघ्र करवाने का अनुरोध किया है। श्री जिलानी ने विधानसभा चुनाव से पहले विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा देने और नगर निकाय चुनाव करवाने का आग्रह किया है।

## श्रीमद् भागवत में मंगलाचरण के प्रारंभ के 3 श्लोकों की हुई सुंदर व्याख्या



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बंशीधर मंदिर के खलिहान प्रांगण में श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुये श्रीधाम वृन्दावन से आये आचार्य श्री स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्रीमद् भागवत में मंगलाचरण के प्रारंभ के 3 श्लोकों की सुंदर व्याख्या किया। श्रीमद् भागवत में प्रथम श्लोक में वेदव्यास जी ने धीमहि शब्द का उपयोग किया है।वह संकेत किया है कि श्रीमद्भागवत गायत्री मंत्र का ही अनुवाद है।वेदों को समझ पाना कठिन था इसलिए ब्रह्मसूत्र पर वेदव्यास जी ने जो भाषा लिखा है, उसका नाम है. श्रीमद् भागवत की कथा में 18000 श्लोक 12 स्कंध 335 अध्याय हैं। श्रीमद्भागवत का प्रत्येक श्लोक भगवान श्री कृष्ण ही है। भागवत की महिमा इतनी है कि भगवान की कथा सुने बिना इस संसार में ऐसा कोई भक्त हुआ ही नहीं है। जिसने उनकी प्राप्ति कर ली हो अर्थात बिना कथा सुने भगवान को मनुष्य जान नहीं पाता और जब तक उनको जान नहीं पाता तब तक उनकी प्राप्ति नहीं कर पाता। भगवान को जानने का सबसे सरल साधन है, श्रीमद्भागवत की कथा में शौनक जी ने श्री सूत जी से जो प्रश्न किये हैं,उन्हें 6 प्रश्नों का संपूर्ण समाधान भागवत में है।भगवान श्री कृष्ण के दिव्य अवतार और नारायण भगवान के 24 अवतारों की कथा भागवत में वर्णन है। भगवान ने किस प्रकार अपने भक्तों के लिए बार-बार इस पृथ्वी पर अवतार लिया है इन कथाओं से भागवत ग्रंथ भरा पड़ा है। प्रथम स्कंध में भगवान के चरित्र के पहले भक्तों का चरित्र है। इसमें कुंती मैया ,भीष्म पितामह , पांडव, द्रौपदी और राजा परीक्षित का सुंदर चरित्र है।श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गये।मौके पर कार्यक्रम प्रमुख राजेश प्रताप देव, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के संरक्षक राम प्रसाद कमलापुरी, प्रतिष्ठित व्यवसायी बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, सुजीत अग्रवाल, धीरेंद्र चौबे, मनीष जायसवाल, बैजनाथ तिवारी, विद्या भास्कर छोटू, बिरेन्द्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विशुनपुरा में दिखा भारत बंद का असर, बसपा और भीम आर्मी के कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** अनुसूचित जाति व जनजाति (एसटी -एससी) आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ को लेकर बुधवार को भारत बंद का बिशुनपुरा में मिला जुला असर देखने को मिला। भारत बंद को लेकर बसपा,भीम आर्मी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे के साथ बुधवार के सुबह से ही बिशुनपुरा संध्या मोड़ से होते हुए अंबेडकर मोड़ तक पहुंचकर सड़क जाम कराते हुए बीच सड़क पर टेंट लगाकर बैठ गए। हालांकि भारत बंद के दौरान बिशुनपुरा में मुख्य बाजार क्षेत्र से शंकर मोड़,गांधी चौक के सभी दुकानें पूर्व की भांति खुली रही लेकिन इसका असर कहीं-कहीं देखने को मिला। भारत बंद के समर्थन में उतरे बसपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आरक्षण के नाम पर दलितों के बांटने का काम किया जा रहा है। पहले जिस तरह से आरक्षण मिल रहे थे, उसी तरह से आरक्षण मिलते रहना चाहिए ना कि आरक्षण में भी आरक्षण तय करनी चाहिए। तथा वहां पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा सरकार होश में आओ, आरक्षण सुधार पर सुप्रीम कोर्ट रोक लगाओ आदि नारे लगाए। इस मौके पर बसपा नेता सुदामा राम, शंकर राम, करीमन राम, दयाशंकर प्रसाद, पंकज कुमार, यतेंद्र कुमार रवि, अजय कुमार रवि, मोहित कुमार, विशाल कुमार, छोटू कुमार राम, अंगद कुमार, विनय कुमार, रोहित राज, मुन्नी डोम, कृष्णा डोम, अखिलेश कुमार रवि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पेट्रोल सब्सिडी योजना की तरह है मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लातेहार विधानसभा के चुनाव प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के निमित्त राज्य के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन के पलामू आगमन पर चुटकी लेते हुए कहा की 5 वर्षो तक जो सरकार खजाना खाली का बहाना बनाकर लोगों को ठगने का काम की और अपने चुनावी घोषणा पत्र के आलोक में एक भी वायदे पर खरा ना उतरने के बावजूद अब 1 महीने के बचे हुए कार्यकाल में झारखंड की भोली भाली महिलाओं को ठगने का काम कर रही है। अविनाश वर्मा ने कहा कि झामुमो के घोषणा पत्र 2019 के अनुसार पिछले 5 वर्षो में प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने, चूल्हा योजना के तहत प्रत्येक महिला को 1000 मासिक देने, पलामू समेत हजारीबाग और चाईबासा को उप राजधानी बनाने, शिक्षित बेरोजगारों को 5000 से 7000 बेरोजगारी भत्ता देने, हर जिले में नशा मुक्ति केंद्र खोलने, 5 सालों से उपयोग में नहीं लिए गए अधिग्रहित भूमि रैयतों को वापस करने, पेसा एक्ट को सख्ती से लागू करने, किसान बैंक की स्थापना करने, हर गरीब परिवार को प्रत्येक वर्ष 72 हजार रुपए देने, हर अनुमंडल में महिला कॉलेज खोलने, लड़कियों के लिए प्राथमिक से पीएचडी तक की पढ़ाई मुफ्त कराने, हर प्रखंड में किसान मॉडल विद्यालय खोलने, पीडीएस की दुकानों में चाय पत्ती, सरसों तेल, साबुन, सब्जी और दाल उपलब्ध कराने के साथ सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने के साथ हुए अल्पसंख्यकों के हित में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन आज भी अधूरा है। वर्मा ने सरकार के पिछले 5 वर्षो के ट्रैक रेट को देखते हुए कहा की इस मईयां योजना का हर्ष वही होने जा रहा है जो पेट्रोल सब्सिडी योजना का हुआ।

## विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी 23 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। अनुबंधकर्मियों ने गुरुवार को कार्यपालक पदाधिकारी को अपना ग्यारह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की जानकारी दी। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने अनुबंधकर्मियों को आश्वस्त किया कि उनके मांग पत्र को संबंधित विभाग को भेज दिया जायेगा। फोडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सुबोध केशरी, रवि कुमार, मुबारक अंसारी, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार सहित निकाय के सभी अनुबंधकर्मी मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त सेल महाप्रबंधक फुटबॉल खिलाड़ी का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सेवानिवृत्त सेल महाप्रबंधक, फुटबॉल खिलाड़ी अरुण कुमार तिवारी तिवारी (68 वर्ष) का रांची में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। अरुण कुमार तिवारी कसनप गांव के निवासी थे। अरुण कुमार तिवारी की पुत्री निशा रानी ने बताया कि उनका सभी कार्यक्रम पैतृक गांव कसनाप से होगा। उन्होंने बताया कि उनके पिता अरुण कुमार तिवारी का जपला से गहरा लगाव रहा है। अरुण कुमार तिवारी के पिता स्व रामदास तिवारी हार्वे स्कूल में हेडमास्टर रह चुके हैं। यही वजह है की उन्हें जपला से गहरा लगाव था। अरुण कुमार तिवारी को किताबों से गहरा लगाव था। उन्होंने अपने तीनों बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाया। एक बेटी डाल्टनगंज जबकि दो बेटियां विदेश में हैं। अरुण कुमार तिवारी का असमय निधन से उनके परिवार में मातम सा माहौल है। परिवार व मृसमाज के लिए अपूरणीय छती है। वह मृदु भाषी के साथ साथ व्यवहार कुशल भी थे। उनके छोटे भाई अभय कुमार तिवारी एवं अमित कुमार तिवारी सिंगरौली में रहकर समाजसेवा कर रहे हैं।अरूण कुमार तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सतेंद्र नाथ तिवारी, उदय कुमार तिवारी, मदन तिवारी, वसिष्ठ तिवारी, शिवकुमार तिवारी, नरेंद्र तिवारी, सुकेश तिवारी, निखिल तिवारी, अखिलेश तिवारी, उदय प्रकाश ओझा, जयनंदन पांडेय के अलावा के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं व्यापारियों सहित विभिन्न राजनैतिक दलो के नेताओ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने परिजनों को ढाढस भी बंधाया।

## सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक घायल, स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी अजय रजक के पुत्र आयुष कुमार उम्र 18 वर्ष गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया की गुरुवार की सुबह आयुष बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार से मुलाकात करने अरुण शुक्ला के क्लिनिक में गया था। मुलाकात कर घर लौटने के क्रम में रास्ते में साहित्य समाज चौक के पास एक ऑटो ने उसे पीछे से धक्का मार दिया।जिसमे बाइक से गिर कर आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में घायल आयुष का इलाज करवा रहे है।

## भारत बंद का मिला जुला असर भवनाथपुर में दिखा



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अनुसूचित जाति को मिलने वाले जातीय आरक्षण के वर्गीकरण एवं कृमि लेयर लागू करने के निर्देश के विरोध में भारत बंद का मिला जुला असर भवनाथपुर में भी देखा गया। सुबह सात बजे से ही खरौंधी मोड पर बंद के समर्थन में झामुमो नेता, कार्यकर्ता,बसपा ने सड़क पर उतर कर बंद का समर्थन करते हुए भवनाथपुर श्री वंशीधर नगर मुख्य पथ स्थित खरौंधी मोड पर जाम किया. इस दौरान आवागमन पुरी तरह बाधित रहा। भवनाथपुर की दुकानें भी लगभग बंद रहा। दोपहर एक बजे के बाद परिचालन शुरू हुआ.दुकाने भी खुल गई। बंद को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार दलबदल के साथ अप्रिय घटना से निबटने के लिए सड़क पर मुस्तैद रहे। हालांकि बंद के दौरान बंद समर्थकों ने किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया. शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर बैठकर बैंड का समर्थन करते रहे। बंद के समर्थन में झामुमो नेता लल्लू राम, विनोद कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, दिपक वर्मा, समशेर अंसारी, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक-21.08.2024 को पलामू जिला के वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी थाना अन्तर्गत कुछ व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे है। उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज (पांकी) महोदय के द्वारा थाना प्रभारी पांकी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को अवैध देशी कट्टा हथियार के साथ पांकी थाना क्षेत्र से विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में पांकी थाना कांड सं0-107/2024 दिनांक-22.08.2024 धारा-25(1-8)ड्ड/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर आज दिनांक-22.08.2024 को उक्त तीनों व्यक्तियों के न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा अपने अपराधस्वीकारोक्ति बयान में दिनांक-14.08.2024 की संध्या में पांकी थाना अन्तर्गत पोरसम (कारीमाटी) घाटी में लूट के प्रयास के दौरान गोलीबारी की घटना में योजना बनाने एवं रेकी करने में अपने संलिप्तता को स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से रंजन कुमार और लाल सुरज यादव की अहम भूमिका रही थी। उक्त घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतू पांकी थाना पुलिस के द्वारा लगातार सघन छापेमारी की जा रही है। छापामारी के क्रम में अवैध देसी कट्टा के साथ रंजन कुमार उम्र-20 वर्ष पिता-अजय राम सा0-सरईडीह थाना-पांकी जिला-पलामू।लाल सुरज यादव-उम्र-26 वर्ष पिता-अमलेश यादव सार-उलगाड़ा थाना-पांकी जिला-पलामू। 3. गोल्डेन आलम उम्र-20 वर्ष पिता-राजिश मियाँ सा0-गढ़गाँव थाना-पिपराटांड जिला-पलामू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने अवैध देशी कट्टा हथियार 8 एमएम का जिन्दा कारतूस, आपाची मोटरसाईकिल बरामद किया है।

## साकार टीएमटी छड़ द्वारा राजमिस्त्री यूनियन की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर मां जगतरा ट्रेडर्स स्थित प्रोपराइटर अनुराग नयन के मौजूदगी में साकार टीएमटी छड़ का एक संयुक्त मिस्त्री यूनियन का बैठक किया गया। सभी राजमिस्त्री को साकार टी एम टी छड़ का बिशेषता से अवगत कराया गया इस बैठक में पलामू टेक्निकल टीम एवं पलामू डिस्ट्रब्यूटर तथा झारखंड हेड शामिल थे। बैठक में छतरपुर प्रखंड के 50 राजमिस्त्री शामिल हुए जिसमें सभी राजमिस्त्री को साकार छड़ की विशेषता बताई गई और साकार छड़ की गुणवता से अवगत कराई गई। पलामू के टेक्निकल अधिकारी और सेल्स अधिकारी ने विस्तृत रूप से साकार छड़ के बारे में जानकारी देकर राजमिस्त्री को संतुष्ट किए मौके पर टेक्निकल अमित कुमार सिन्हा पलामू डिस्ट्रब्यूटर समीर जी झारखंड हेड राकेश सिंह, राज मिस्त्री राजेश कुमार, अजीज अंसारी, बिरजू प्रजापति, विकास विश्वकर्मा, जमाल अंसारी, महेंद्र यादव आदि शामिल रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–40/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 30.08.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.08.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.08.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Outer Surface of C type Quarter No.-25/30 to 30/30 (06 Unit 01 Block) at Hinoo, Ranchi | 1732900.00 | 34700.00 | 5000.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of Examination Date Processing Cell in the Campus of R.U. Morabadi Ranchi | 1682200.00 | 33700.00 | 5000.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of JAP-1 Family Quarter, Block No.-06/16 Set (1 Block, 18 Units), Beside Nepal House, Doranda, Ranchi | 4505300.00 | 90200.00 | 5000.00 | Two Months |
| 4 | Renovation of B.C.D. Division No.-1, Ranchi Office Building at Morabadi, Ranchi | 1937350.00 | 38800.00 | 5000.00 | Two Months |
| 5 | Renovation of C type Quarter No.-304 (Block D) at Ratu Road, Ranchi | 528250.00 | 10600.00 | 1250.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of M.O. Quarter No.-2 (C type) at Line Tank Road, Ranchi | 589100.00 | 11800.00 | 1250.00 | Two Months |
| 7 | Renovation of C type Quarter No.-202 (Block-A) Ratu Road, Ranchi | 531250.00 | 10700.00 | 1250.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of C type Quarter No.-84 (One Unit) at New Nagra Toli Road, Ranchi | 617100.00 | 12400.00 | 1250.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of DC Chamber No.-201, 202 and 301, 302, 320, 207, G1 in Collectorate Building Block (A) at Kutchery Ranchi | 1707850.00 | 34200.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.333383 Building(24-25):D

## आक्रोश रैली में आज रांची ग्रामीण से शामिल होंगे 20 हजार कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की वर्चुअल बैठक जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार झूठे वायदों के साथ सत्ता में आयी है।गठबंधन सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं की है, जिससे झारखंड के युवा व जनता आक्रोश में है। आज को गठबंधन की सरकार जनता का आक्रोश देखेगी और जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ता प्रण लेंगे कि इस सरकार को दोबारा सत्ता में नहीं आने देना है।जिला संगठन प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि आज सभी मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता रांची जाकर आक्रोश प्रदर्शन में भाग लेंगे यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि आज को युवा आक्रोश रैली सह मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में हजारों की संख्या में रांची जिला ग्रामीण के भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे।संचालन महामंत्री नरेंद्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अनिल टाईगर ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, प्रभुदयाल बड़ाईक, सुधाकर चौबे, मनोज चौधरी,लक्ष्मण साहू, मुन्नी मुंडा, रामकुमार दुबे, संजीत सिंह,शशि मेहता,नेहा सिंह, अशोक नायक समेत सभी मंडलों के अध्यक्ष आदि शामिल थे।



## विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल ने पिपरवार जीएम को सौंपा मांग पत्र



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार मंडल समिति के द्वारा पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक संजीव कुमार से शिष्टाचार मुलाकात किया।इस दौरान जीएम संजीव कुमार को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान क्षेत्रीय जनहित के लिए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को महाप्रबंधक के सामने रखकर मांग पत्र सौंपा गया।मांग पत्र में मुख्य रूप से वृद्धा आश्रम बसंत विहार कॉलोनी को दुरुस्त करने,बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में एक्स-रे मशीन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन को ठीक करने, बालिकाओं के लिए कंप्यूटर एवं हस्तकलाप प्रशिक्षण की व्यवस्था करने,बचरा शमशान घाट मे शेड का निर्माण,चाहरदीवारी निर्माण एंव सुन्दरीकरण कराने,सभी सार्वजनिक शौचालय की मरम्मती करने,बचरा के मुख्य सड़कों के दोनों और सुरक्षा घेरे के साथ पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की मांग की गई।जिस पर जीएम ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मंडल, संरक्षक शंकर सिंह चेरो,सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद,जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार, मंत्री दीपक केसरी,सह मंत्री प्रवीण सिंह,राजा बावड़ी, नंदकिशोर कुमार,मुकेश राणा,अभिषेक सिंह दुर्गेश, अमरदीप कौशल,मुरारी पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बचरा श्रीराम जानकी मंदिर में हुई सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटाड़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की शाम सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बचरा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता विद्यापति सिंह और संचालन रविंद्र कुमार सिंह ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार क्षेत्र के बचरा में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पिछले साल का आय-व्याय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।साथ ही इस साल दुर्गा पूजा मनाने को लेकर आगे की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी लोगों से दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए सहयोग करने की अपील की गई।बैठक मे विद्यापति सिंह, राजेंद्र गुप्ता,रविंद्र सिंह,प्रमोद कुमार,उमेश सिंह,अनिल सोनी,अभिषेक सिंह,विष्णु पांडेय, राजेश सिंह,अनिल यादव,धनंजय सिंह,अजय कुमार सिंह,अमरदीप कौशल,मिथुन कुमार सिंह, रवि भारद्वाज,भीम प्रसाद मेहता, लक्ष्मण मंडल,रमेश कुमार मिश्रा,सुभाष साव, कमला महतो,तेजनाथ महतो,हीरा राम,पप्पू सोनी, प्रवीण सिंह,मंगल सिंह, रामनन्दन राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विभिन्न योजनाओं के 59 लाभुकों का चयन कर जिला अनुशंसा के लिए भेजा गया



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत इटकी प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को प्रमुख किरण उरांव की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड चयन समिति ने दो गाय के लिए 48, पांच गाय के 7, दस गाय के 2, चाफ कटर का एक व डीप बोरिंग के 7 योग्य लाभुकों के आवेदन को जिला समिति कि अनुशंसा के लिए भेजी गई। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि रमेश महली, टीवीओ डॉ शिवानंद कांशी व सुरेश महतो मौजूद थे।

# इटकी प्रखण्ड में अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन

# नफरत फैलाने का भाजपाई मंसूबा पूरा नहीं होगा : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** पूर्व मंत्री व झारखण्ड सरकार समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि फिरकापरस्त ताक़तों को भाजपा और उसके नेता हमेशा संरक्षण देते हैं. लेकिन नफरत फैलाने और लोगों को बांटने का भाजपाई मंसूबा कभी भी पूरा और कामयाब नहीं होगा. इटकी प्रखण्ड में आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में श्री तिर्की ने कहा कि सद्भावना और आपसी एकता भारतीय समाज के साथ ही यहाँ की राजनीति की भी पहचान है और उनका पूरा जीवन इसी सिद्धांत के प्रति समर्पित है.




सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि

भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिये झारखण्ड में नफरत का माहौल बनाने का प्रयास करती रही है मगर महागठबंधन की सरकार उनके सपने को पूरा नहीं होने देगी. श्रीमती तिर्की ने कहा कि न केवल महागठबंधन की सरकार बल्कि झारखण्ड का हर वह व्यक्ति उनके मंसूबे को विफल करेगा जो झारखण्ड को एकजुट और अटूट रखना चाहता है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को अच्छी तालीम की जरूरत है. उन्होंने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए संगठित रहने, संघर्ष करने, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के मध्य सामंजस्य के साथ ही भाजपा से हमेशा सावधान रहने की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिये हमारी

स्कांग्रेस और सरकार पूरी तरह से समर्पित है. कार्यक्रम में मुख्य रूप मजकूर आलम सिद्दीकी, अबू माज़, मौलाना मंजूर, उरुज अंसारी, हाजी मुश्ताक, मौलाना मनीरूद्दीन , हाजी एनामूल , अब्बास अंसारी, तस्लीम अंसारी, हाजी मोईन,मौलाना बेलाल,मास्टर जुबेर, तबरेज़ खान, अहमद अंसारी, अबरार इमाम, हाजी अली हसन, खुर्शीद आलम, सहित ईटकी प्रखण्ड के सभी गाँवों के सदर, सेक्रेटरी, सम्मानित व्यक्ति, अग्रणी समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ स्मिता नगेशिया की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में बीपीएम जेनी मिंज से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए की गयी तैयारी की जानकारी लिया गया. जिसमें बताया गया 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान में कुल 134 बूथ बनाए गए हैं सभी 134 बूथों में 25 अगस्त को पल्स पोलियो का ड्रॉप



0-5 वर्ष के सभी बच्चों को पिलाया जाएगा इसके अलावा 26 अगस्त और 27 अगस्त को घर घर जाकर पोलियो का ड्राप पिलाया जाएगा तीनों दिन रेलवे स्टेशन और साप्ताहिक हाट में भी पल्स पोलियो ड्राप पिलाने की व्यवस्था की गयी है पूरे प्रखंड में कुल 19112 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. जिसके लिए हर गांव गांव में प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि एक भी बच्चे छूट न पाए. वहीं बीडीओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशा गया. बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड स्वस्थ्य प्रभारी डॉ. शकील अहमद, स्वास्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, लेखापाल राजेश दुबे, बीडीएम शेख इदरीस, सुनील कुमार के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से बचरा मे कराया जाएगा कई विकाश कार्य

## विभागीय अधिकारियों की टीम ने किया स्थल का निरीक्षण, कागजी प्रक्रिया चालू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य एंव अनुशंसा से पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी एंव बचरा उतरी पंचायत के कई इलाको में कई विकास कार्य कराया जाएगा।इसको लेकर विभागीय अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को इलाके का दौरा कर स्थल का निरीक्षण किया और आगे की कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बचरा काली मंदिर परिसर में पेबर ब्लॉक का निर्माण,बचरा गुरुद्वारा में शेड का निर्माण, बचरा मस्जिद में



सामुदायिक भवन का निर्माण,बचरा राम जानकी मंदिर मे सामुदायिक भवन का निर्माण,बचरा अंबेडकर नगर में पीसीसी रोड एवं चबूतरा का निर्माण, बचरा बिशुझापा में पीसीसी रोड,बचरा बाजारटांड़ में सुमन सोनी के घर से बबलू सोनी के घर तक पीसीसी रोड,अशोक विहार कॉलोनी में पीसीसी रोड का निर्माण, बचरा एक नंबर में शेड एंव पीसीसी रोड,नगडुआ मे राजू नायक के घर से अंतिम घर तक पीसीसी पथ निर्माण, बचरा बस्ती में इमली पेड़ से अखरा तक पीसीसी पथ निर्माण कराया जाएगा।उक्त योजना को लेकर प्रखण्ड कार्यालय से आये हुए इंजीनियर के द्वारा सभी स्थलों का निरीक्षण कर इस्टीमेट तैयार किया गया।इंजीनियर शेखर कुमार के द्वारा स्थल निरीक्षण कर जल्द ही कार्य शुरु करने की बात कही गई।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव,इंजीनियर शेखर कुमार, काली मंदिर सचिव प्रमोद प्रसाद,मिथलेश कुमार,काली मंदिर पुजारी बिनोद कुमार, अनिल सोनी,गुरूदयाल सिंह, बैजू सिंह,विष्णु पांडेय, तेजनाथ महतो,रविन्द्र सिंह, बिनोद पासवान,नसीम अख्तर,रामननदन राम सहित कई लोग मौजुद थे।

## पेड़ भविष्य के अनमोल धरोहर हैं : अरुण कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** इस धरती पर पेड़ ही भविष्य के लिए सबसे अनमोल धरोहर हैं। आज लगाया गया एक-एक पौधा कल हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा और हमारे आने वाली नस्लों को स्वच्छ वातावरण में जीने की सौगात मिलेगी। उक्त बातें संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बेड़ों प्रखंड के इटा पंचायत के अंतर्गत लमकाना ग्राम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि सर्वे के अनुसार अगर हम इस धरती की बात करें तो हर 2 सेकंड में एक फुटबॉल ग्राउंड के बराबर पेड़ काट दिए जाते हैं। इसलिए अंदाजा लगाया जा सकता है कि हम कितनी तेजी



से विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग कैसे दूर में यह जरूरी है की हर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहां की यह सरकार का एक अति महत्वपूर्ण अभियान है जिसका सीधा संबंध हमारे बेहतर भविष्य से है। उन्होंने तमाम प्रखंड वासियों से आग्रह किया है कि वह अवश्य रूप से इस अभियान का हिस्सा बने। और अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। प्रखंड के इटा पंचायत से आज इस कार्यक्रम का आगाज किया गया जहां सांकेतिक रूप से दर्जनों पेड़ लगाए गए। इस मौके पर अवर सचिव चंद्र भूषण, कृषि एवं उद्यान की उपनिदेशक अनुपम भारती, मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी कुमार सौरभ, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक तारकनाथ दास, जिला परियोजना पदाधिकारी ऋतुराज, मुखिया अनीता बाड़ा, उप मुखिया तनजीर हुसैन, पूर्व मुखिया सह माजसेवी बुधराम बाड़ा, ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि, योजनाओं के लाभुक, में, ग्रामीण सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बालालौंग पंचायत अन्तर्गत फाटेयाटोली में आजसू पार्टी की बैठक तारा नाग के अध्यक्षता में की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगड़ी प्रखण्ड के बालालौंग पंचायत अन्तर्गत फाटेयाटोली में आजसू पार्टी की बैठक तारा नाग जी के अध्यक्षता में की गई। संचालन बहादुर उरांव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी पुरे झारखण्ड राज्य में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने को तैयार है इसके लिए खिजरी विधान सभा में भी चूल्हा प्रमुख का निर्माण कर लिया गया है,चूल्हा प्रमुख पार्टी की रीढ़ है और उन्हीं के अगुवाई में राज्य



भर में पार्टी चुनाव लड़ने की तैयार है, मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, राँची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी,सोनू उरांव, बिरसा लोहरा,जीतू लोहरा,माना उरांव, मोनिक खोया,निलेश खलखो, लोकेया लिण्डा,ललित कुजूर, रोशन कच्छप,मनमोहन खलखो, रीना कुमारी,सुखमनी कुमारी, लक्ष्मी देवी,वीणा नगडूवार, सबीना नगडुवार,दयामनी तिर्की एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कूर्गी बस्ती में लगाया गया ट्रांसफार्मर



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज़िप सदस्य के प्रतिनिधि संजय गोप व समाजसेवी सिरिल लकड़ा के पहल पर कूर्गी बस्ती में 20 दिनों के बाद लगाया गया ट्रांसफार्मर। ट्रांसफार्मर लगने से रौशन हुआ कूर्गी बस्ती। ग्रामीणों के खुर्शी का माहौल देखने लायक था । ज्ञात हो कि गत 2 अगस्त को व्रजपात गिरने के वजह से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था। तब से कूर्गी बस्ती अंधकार में डूबा हुआ था। ग्रामीणों को पेयजल के अलावा बच्चों के पढ़ाई सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था ।

## झारखंड आंदोलनकारियों की हुई बैठक



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महादानी मैदान स्थित रंगमंच में गुरुवार को झारखंड आंदोलन कारी मोर्चा की बैठक मोर्चा के अध्यक्ष जुगेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 24 अगस्त को रांची के मोरहाबादी में आक्रोश सत्याग्रह चलाने का आग्रह किया। बैठक में कहा गया कि सभी आंदोलनकारी पारम्परिक हथियार से लैस होकर चलना चयनित आंदोलन कारियों को मान सम्मान नहीं मिलने पर आंदोलन कारी सड़क से सदन तक घेराव धरना प्रदर्शन करने के सरकार विवश न करें। अगर आंदोलन कारियों मान सम्मान सरकार नहीं करती है। आने वाले समय आन्दोलनकारी सरकार को जबाब देगी। बैठक का संचालन सहिंद्र लकड़ा व धन्यवाद ज्ञापन विमल उरांव ने किया। मौके पर किशोर तिर्की, अमरू उरांव, मुनेश्वर साहू, मंगरु उरांव, पीटर तिर्की, सुधीर मिंज, विलियम एक्का, पीयूष तिग्गा, जतरु उरांव समेत दर्जनों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## भारत बंदी की सफलता पर जताया आभार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में 21 अगस्त को हुई भारत बंदी की सफलता पर इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया गया है।कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम ने सिस्टा के अलावा ऑल इंडिया एससी एसटी/बीसी ईम्पलाई कोआर्डिनेशन कांउसिल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेबीकेएसएस सहित इस बंदी को सफल बनाने में अपना सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है।साथ ही आगे भी इस तरह के आंदोलन में सहयोग की अपील की है।आभार प्रकट करने वालो मे कामेश्वर राम,इकबाल हुसैन, बाबूलाल राम,अलबर्ट एक्का, रतन लाल,रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार,आनंद मुंडा, गीता एक्का,सरोज देवी, बालेश्वर उरांव,छोटू गंझु, सचिन पासवान,धनेश्वर गंझु सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## शाल्या परवीन की अनुशंसा से होयर व चदरा धौड़ा में बना दो जलमीनार

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन की अनुशंसा पर 15वें वित्त मद से निर्मित दो जलमीनार का गुरूवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जिप सदस्य शाल्या परवीन ने नारियल फोड़कर की। जलमीनार प्रखंड के चुरी दक्षिणी पंचायत के होयर गांव व चुरी मध्य पंचायत के चदरा धौड़ा में निर्माण कराया गया है। गांव में जलमीनार बन जाने से ग्रामीण काफी खुश थे। शाल्या परवीन ने कहा कि खलारी प्रखंड के जिन-जिन पंचायत में पानी की समस्या बनी हुई है वहां जल्द ही जलमीनार लगाकर समस्या को दूर किया जाएगा। पानी की समस्या के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी में इन इलाकों में पानी की काफी समस्या हो रही थी। गांव के कई लोग पानी की समस्या दूर करने की मांग किए थे। मौके पर उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने ग्रामीणों को बताया कि अभी हाल ही में क्षेत्र के स्कूल में भवन निर्माण, रोड, नाली, पानी जैसी एक दर्जन से अधिक योजना जिला परिषद में भेजा गया, जिसका जल्द ही टेंडर होने वाला है। कहा कि क्षेत्र का विकास करना हम दोनों की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर सुरेश यादव, श्याम महतो, कुंदन कुमार, विजय उरांव, कमलेश यादव, विकास लोहरा, सुनीता देवी, अंजू देवी, विनीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो का रांची पहुंचने पर धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में झारखंड की पावन धरती पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार किया गया।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बबलू झा, ऐबी सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, राकेश साहू जिला महासचिव, अमित दुबे जिला सचिव, गुलाब, समीम गद्दी, आकाश, राहुल, विजय, करण अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहर में चला वाहनों का फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, परमिट, टैक्स आदि का हुआ सघन जांच

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों, प्रमुख चौक चौराहों में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला और धालभूम, एसडीपीओ घाटशिला, सम्बंधित क्षेत्र के डीएसपी इस जांच अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। यह सघन जांच अभियान तीन दिनों तक चलेगा जिसमें वाहनों का फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, परमिट, टैक्स आदि कागजातों की जांच, यातायात नियमों का अनुपालन पर विशेष जोर रहेगा।

## हनफिया स्कूल मानगो में बच्चों के लिए दौड़ का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अमन वेलफेयर मिशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को मानगो स्थित हनफिया हाई स्कूल में दौड़ का आयोजन हुआ. इसमें कक्षा पहली से लेकर सातवीं तक के छात्र-छात्रओं ने हिस्सा लिया. 50 मीटर दौड़ में अफसाना, नर्गिस परवीन और फायजा परवीन क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रही. वहीं, 100 मीटर दौड़ में शादाब अहमद, मो कलाम, रेहान, अरशद, जावेद, इरशाद और फुरकान को पुरस्कृत किया गया. इस दौड़ के विजेताओं को मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ अफरोज शकील व मो ताहिर हुसैन ने बारी-बारी से पुरस्कृत किया. दौड़ में कुल 64 बच्चों ने हिस्सा लिया.

## मास्टर ट्रेनर के द्वारा पंचायत के चयनित वीएलई का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ु प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में जिला से आए मास्टर ट्रेनर के द्वारा पंचायत में होने वाले मनरेगा कार्य के संचालन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर बेबी कुमारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताए की हमारे द्वारा पिछले 20 अगस्त से 22 अगस्त तीन दिन लगातार पंचायत के चयनित वीएलईयों,पंचायत सचिवों तथा मुखियाओं को मरेगा के तहत होने वाले विभिन्न प्रकार की कार्य का प्रशिक्षण दिया गया तथा सरकार द्वारा डिजिटल पंचायत के तहत मनरेगा का समस्त कार्य का निष्पादन पंचायत में ही करने का उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुखिया संघ के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा ने कहा कि पहले प्रखंड कार्यालय में एक ऑपरेटर के द्वारा कार्य किया जाने से अत्यधिक दबाब बनता था और समय पर कार्य का निष्पादन नही हो पाता था।।

## आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज का नया सत्र 2024-25 प्रारंभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आज से नए सत्र की शुरुआत हो गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रेक्षागृह में एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि, हाइको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन तापस कुमार साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष बिन्दा सिंह, सचिव भरत सिंह, कार्यकारी सदस्य शक्ति सिंह, प्राचार्य प्रो डॉ राजेश कुमार तिवारी, डीन प्रशासनिक प्रो कृष्णा मुरारी, और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. विक्रम शर्मा भी मंच पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, आज से आपके भविष्य का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। मैं इण्डस्ट्री फील्ड से हूँ और आपको अभी से ही प्लेसमेंट के लिए तैयारी करनी पड़ेगी। इन चार सालों में केवल इंजीनियरिंग नहीं, बल्कि अपनी दिलचस्पी के अनुसार सोचिए और अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए अपनी कौशल को विकसित कीजिए।

## झारखंड सरकार की नेक नागरिक योजना के तहत मजहर शम्सी हुए सम्मानित



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई नेक नागरिक योजना का उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की मदद के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाए। मालूम हो कि 26 जुलाई 2024 को, दोपहर 1=50 बजे के करीब, प्रभात सिनेमा हॉल के पास ओवरब्रिज पर सांगी गोप नामक व्यक्ति की दुर्घटना हो गई। उसी समय, मजहर शम्सी अपने दोस्त मोहम्मद इमरान ने गंभीर रूप से घायल संगई गोपे गंभीर तुरंत अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से संगई गोपे की जान बच गई। इस सराहनीय कार्य के लिए आज 22 अगस्त 2024 को झारखंड सरकार ने मजहर शम्सी को नेक नागरिक योजना के तहत सम्मानित किया। सम्मान समारोह में झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद जोबा माझी और चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने मजहर शम्सी को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

## युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामले पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, शबाब के शिकायत पर हुई कार्रवाई

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चाईबासा जिला अंतर्गत झींकपानी में 09/07/2024 को पांच लड़को ने एक युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया था घटना को अंजाम देने के बाद जान से मारने का धमकी भी दिया गया था। युवती डर से चुप रही। परंतु 6 माह बाद युवती गर्भवती हो गई थी। जिस पर थाना पर शिकायत होने पर दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।जबकि अब तक 3 आरोपी फरार चल रहे हैं। इस गंभीर मामले पर चक्रधरपुर के मानवाधिकार कार्यकर्ता शबाब नय्यर ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग दिल्ली पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर आयोग के निर्देश पर डिप्टी रजिस्ट्रार कानून के इंद्रजीत कुमार ने पुलिस अधीक्षक चाईबासा को इस विषय पर कार्रवाई करने को कहा है। और इस से संबंधित सभी रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने को कहा है तथा चार सप्ताह का समय दिया गया है।

# चांडिल डैम के कल्याणपुर गांव में मिला प्रशिक्षु व प्रशिक्षक पायलट का शव, विमान की खोज जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद लापता हुए ट्रेनी विमान का पता चल गया है। अबतक संभावनाओं के आधार पर अलग अलग क्षेत्रों में खोजबीन की जा रही थी। सुबह प्रशिक्षु पायलट का शव बरामद होने के बाद यह तय माना जा रहा है कि चांडिल डैम पर ही ट्रेनी विमान गिरा है। मंगलवार सुबह विमान के लापता होने के 48 घंटे बाद प्रशिक्षु पायलट शुभ्रदीप दत्ता का शव आज बरामद हुआ। नीमडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में डैम किनारे शव पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया। वहीं दूसरा शव शाम 5 बजे प्रशिक्षक पायलट जीत शत्रु आनंद का भी बरामद कर लिया गया है। भारतीय नौसेना के बोट से शव को लाया गया ।

इससे पहले बुधवार को दिनभर एनडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया, जिसमें किसी तरह की सफलता नहीं मिली। 15 सदस्यीय भारतीय नौसेना की टीम कल रात को ही रांची एयरपोर्ट पहुंच गई थी, जो आज सुबह चांडिल डैम पहुंचा। लापता विमान को खोजने के लिए भारतीय नौसेना की टीम विभिन्न प्रकार के उपकरण का उपयोग कर रही हैं। मृतक जितशत्रु आनंद के पिता रामबालक प्रसाद भारतीय रेलवे के सेवानिवृत्त पदाधिकारी हैं, वह रेलवे में सिक्योरिटी असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं। भारतीय नौसेना तथा एनडीआरएफ की टीम को हर जरूरत की चीजें व्यवस्था करने में प्रशासन व पुलिस बड़ी चुस्ती के सहयोग किया।अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने बताया कि आज सुबह प्रशिक्षु पायलट शुभ्रदीप दत्ता का शव बरामद किया गया और शाम को प्रशिक्षक पायलट जितशत्रु आनंद का शव बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय नौसेना द्वारा लापता विमान को खोज लिया जाएगा।

## जोगा व जुस्को स्कूल साउथ पार्क के बैनर तले जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर:** आज जेआरडी टाटा बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र में जोगा और जुस्को स्कूल साउथ पार्क के बैनर तले तीन दिवसीय जोगा इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी कोच, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और पद्मश्री 2024 प्राप्तकर्ता पूर्णिमा महतो और जेम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस उपस्थित हुए। मौके पर पूर्णिमा ने का जेएसएसपी और जोगा की पूरी टीम को इस तरह के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी जहां जमशेदपुर के उभरते खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। जोगा के उपाध्यक्ष और खेल प्रमोटर फिरोज खान भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने अतिथियों और युवा खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें पूरे मन से टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का संचालन करने वाले अधिकारियों की टीम का नेतृत्व जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हेड कोच विवेक शर्मा कर रहे हैं। इस वर्ष इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप में 17 स्कूल और लगभग 200 छात्र भाग लेंगे।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक दशरथ गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** रक्षाबंधन के अवसर पर नव युवक संघ के तत्वावधान में कुचाई के जोबाजंजीर गांव में कोल्हान के 64 टीमों के बीच तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाईनल मैच में मिस्टी फुटबॉल क्लब सरायकेला की टीम को कड़े मुकाबले में हरा कर दिवाना क्लब लेप्सो की टीम विजेता बना। पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा समेत अन्य अतिथियों ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया। विजेता टीम को 90 हजार, उप विजेता को 65 हजार रुपये दिया गया। मौके पर समाजसेवी श्रीमती बासंती गागराई,भरत सिंह मुंडा,अजय सामड,करम सिंह मुंडा, राहुल सोय,मुन्ना सोय आदि उपस्थित थे।

## माहवारी स्वच्छता व जेंडर समानता पर प्रॉजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल माचा में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, पटमदा (माचा) में महिला व किशोरी स्वास्थ्य, माहवारी स्वच्छता व जेंडर समानता कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यशाला के दौरान समाज की बेहतरी के लिए बालिका शिक्षा का महत्व, बालक बालिका समानता की आवश्यकता, महिलाओं व किशोरियों के साथ होने वाले जेंडर भेदभाव व बचाव, माहवारी स्वच्छता से जुड़े सामाजिक मिथकों, शर्म झिझक को तोड़ने की आवश्यकता, किशोरावस्था में आने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय में पीरियड, पुस्तकालय, पैडबैंक के पुनर्गठन, एमएचएम लैब आदि की योजना भी बनाई गई। कार्यक्रम में 80 से ज्यादा किशोरियों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता सोमाय लोहार, शिक्षिका कुमारी पूनम सिंह, अलका कुमारी व अन्य शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रियंका झा ने कहा कि अगर बच्चियां स्वस्थ और सुरक्षित रहेगी तभी रोज विद्यालय आयेंगी। कोरोना काल में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की बच्चियों ने घर घर तक चेन बनाकर किशोरियों तक सैनिटरी पैड की मदद पहुंचाने का अभियान पैडमैन तरुण कुमार के साथ मिलकर चलाया था जिसके लिए लिम्का बुक ऑफ इंडिया में रिकॉर्ड भी दर्ज है।

## 28 को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यक्रम को लेकर डीसी, एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** 28 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत द्वारा गम्हरिया के रपचा स्थित फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, स्टेज निर्माण, हेलीपैड, वाहनों के आवागमन, वाहन पार्किंग आदि के सम्बन्ध बिंदुवार चर्चा कर सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गौरतलब है कि आगामी मंगलवार को उक्त मैदान में झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना संबंधी प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया जाएगा। उंक्त कार्यक्रम मे सरायकेला-खरसावां जिले के अलावे पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले के लाभार्थी भी शामिल होंगे।

## लावजोड़ा पीएचसी में चिकित्सक व एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा पीएचसी में 24 घंटे चिकित्सक व एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर गुरुवार को भाजपा नेता विमल बैठा ने ग्रामीणों के साथ बोड़ाम सीओ रंजीत कुमार रंजन को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भाजपा नेता ने कहा है कि बोड़ाम प्रखंड में कुल 12 पंचायत है। जिसका आबादी लगभग 80 हजार है। इसके बावजूद बोड़ाम प्रखंड के पीएचसी के नाम पर न तो चिकित्सक उपलब्ध है और न ही एम्बुलेंस सेवा। चिकित्सा के नाम पर पटमदा के माचा सीएचसी से ही दो चिकित्सक सप्ताह में दो दिन आकर ओपीडी में बैठते हैं। सीओ ने भाजपा नेता को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी मांग जायज है। जनहित में आपकी मांग को जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर अजय महतो, अश्विनी गोप, मोहन महतो, चैतन सिंह, आकाश गोप, राजेश रविदास, लक्ष्मण रविदास व विश्वनाथ महतो उपस्थित थे।

## विवेक विद्यालय में टाटा पावर के द्वारा सुरक्षा से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में चल रहे सुरक्षा जागरूकता साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत आज दूसरे दिन टाटा पावर के सुरक्षा विशेषज्ञों तथा अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अग्नि, बिजली एवं अन्य सभी प्रकार की घटनाओं तथा उनसे बचाव के लिए प्रयोग किए जाने वाले सुरक्षा नियमों से अवगत कराया गया। अग्निशमन टीम ने बच्चों को लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन द्वारा आग बुझाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले अग्निशामक यंत्रों की प्रयोगविधि सिखाई। प्राचार्य अवधेश सिंह ने टाटा पावर तथा अग्निशमन विभाग को बच्चों के लिए इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन हेतु धन्यवाद देते हुए सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित रहने एवं दूसरों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की सलाह दी।

## 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर बी.सी.जी टीकाकरण का शुभारंभ जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला आर0सी0एच0 पदाधिकारी एवं जिला वी.भी.डी पदाधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । टीकाकरण अभियान को लेकर यक्ष्मा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि वयस्क टी.बी वैक्सीनेशन के लिए 6 श्रेणी में लोग शामिल किए गए हैं, जिसमें 1. पाँच वर्ष पूर्व में टी0बी0 रोग का उपचार ले चुके व्यक्ति 2. तीन वर्ष पहले तक के टी0बी0 रोगी के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति 3. धूम्रपान करने वाले व्यक्ति 4. कुपोषित व्यक्ति, 18 से कम [illegible] वाले 5. मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति 6. 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति शामिल हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र व अन्य सभी स्वास्थ्य केन्द्र में बीसीजी टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त द्वारा 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलाये जाने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सफल संचालन का भी निर्देश दिया गया। उन्होने शिक्षा, पंचायती राज, समाज कल्याण विभाग तथा जेएसएलपीएस के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया ।

## डॉ बत्राज़ हेल्थकेयर ने जमशेदपुर में अपने पहले क्लिनिक का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दुनिया में होम्योपैथिक क्लिनिक्स की सबसे बड़ी चेन, डॉ बत्राज़ हेल्थकेयर ने जमशेदपुर में अपना पहला और झारखण्ड में चौथे क्लिनिक का शुभारंभ किया है। उद्घाटन समारोह में बिजनेस लीडर डॉ. नकुल कमानी, रेडियो सिटी के आरजे मनोज नाग और डॉ बत्राज़ ग्रुप ऑफ कंपनीज के ग्रुप सीईओ संजॉय मुखर्जी उपस्थित हुए। डॉ बत्राज़ जमशेदपुर के लोगों के लिये होम्योपैथी की अच्छाइयों और नई अंतर्राष्ट्रीय टेक्नोलॉजीज का संयोजन कर सबसे तेज और सर्वश्रेष्ठ परिणामों की पेशकश करता है। डॉ बत्राज़ ने हाल ही में झोजेन लॉन्च किया था, जो कि पुरुषों और महिलाओं के लिये एक्जोसोम पर आधारित, बालों का एक लक्षित उपचार है। यह एक्जोसोम पर आधारित फार्मूलेशन उन बालों को ठीक करता है, जो पैतृक कारणों से झड़ते हैं। झोजेन बालों की बहाली के लिये एक अत्याधुनिक उपचार है और इसमें बालों को दोबारा उगाने के लिये 2 बिलियन कोशिकाओं के शानदार फार्मूला का इस्तेमाल किया जाता है। केवल तीन महीनों में यह देखने योग्य परिणम देने के लिये चिकित्सकीय आधार पर प्रमाणित है। डॉ बत्राज़ ने दक्षिण कोरिया से आयात किया गया, दुनिया में पाँचवे जनरेशन का पहला एआई-पावर्ड डिवाइस एआई स्किन पेश किया है, जो त्वचा के रोगों के निदान एवं उपचार के लिये है। इसके अलावा, एआई हेयर प्रो डिवाइस बालों की समस्याओं के उपचार के लिये मरीज पर बेहद तेज और निजीकृत और सही मापन वाले नतीजों की पेशकश करता है। इतना ही नहीं, डॉ बत्राज़ के एआई वाले होम्योफेशियल्स और मेडिफेशियल्स की न्यू यू रेंज में होम्योपैथी की अच्छाइयों को श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य समाधानों के साथ मिलाया गया है। डॉ बत्राज़ के ऑक्सीलंग से अपने फेफड़ों की सेहत को जानिये। यह फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिये एक कॉम्प्रीहेंसिव प्रोग्राम है, जिसमें लंग फंक्शन टेस्ट और एक प्राकृतिक तथा स्टीरॉइड से मुक्त होम्योपैथिक नेबुलाइजेशन होता है। डॉ बत्राज़ एलर्जीन के साथ मरीज सुई की एक बार में चुभन से 45 से ज्यादा फूड एलर्जन्स की जाँच कर सकते हैं। इससे त्वचा की एलर्जी और पुरानी समस्याओं का इलाज होता है, जैसे कि विटिलिगो (सफेद दाग), सोरियासिस और एक्जिमा के इलाज के लिये डॉ बत्राज़ डर्मा हील है। यह उपचार प्रकाश से होता है और इसमें त्वचा के लिये होम्योपैथी की अच्छाइयाँ भी शामिल हैं।

## आदित्यपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से लोगों में भय, पुलिस अंकुश लगा पाने में नाकाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। आए दिन थाना क्षेत्र के किसी न किसी इलाके में चोरी की घटनाएं हो रही है जिस पर अंकुश लगा पाने में पुलिस विफल साबित हो रही है। बीते सोमवार को थाना क्षेत्र के गम्हरिया सुधा डेयरी के समीप स्थित कृष्णा एनक्लेव के फ्लैट संख्या सी/3 में रहने वाले रजनीश कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरों द्वारा 40 हजार नकद समेत करीब 10 लाख रुपए के जेवरातों की चोरी कर ली गई। विदित है कि बीते सोमवार को ही चोरों ने केंदू गाछ के समीप दो फ्लैटों का ताला तोड़कर नकद समेत करीब पांच लाख के जेवरातों की चोरी कर ली थी। उसके बाद बीते मंगलवार को गम्हरिया स्थित घोड़ाबाबा मंदिर के कार्यालय का ताला तोड़कर उसमे रखे सीसीटीवी का सेट-अप और दानपेटी की चोरी कर ली गई थी।


**समाहरणालय, सिमडेगा**

**(जिला सामान्य शाखा)**

**चौकीदार नियुक्ति परीक्षा-2024**

**आवश्यक सूचना**

दिनांक– 20.08.2024 से 22.08.2024 तक सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में सम्पन्न प्रमाण पत्र सत्यापन में शामिल नहीं हो पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए दिनांक– 24.08.2024 को प्रातः 9 बजे सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में अंतिम अवसर दिया जाता है।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 333476 Simdega (24-25)_D

संपादकीय

## कांग्रेस को राम नाम से चिढ़ क्यों?

किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन है कि कांग्रेस राम के नाम से चिढ़ती क्यों है? कभी राम के जन्म एवं अस्तित्व पर अदालत में हलफनामा देकर प्रश्न उठाया जाता है तो कभी राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी होने से इनकार कर दिया जाता है और अब तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने राम के नाम पर बसे जिले का नाम ही बदल दिया है। कांग्रेस सरकार ने बीते शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु साउथ करने का निर्णय लिया है। मोदी और योगी सरकार द्वारा स्थानों के नाम बदलने का विरोध करनेवाली कांग्रेस किस मुंह से रामनगर का नाम बदलने के अपने निर्णय का बचाव करेगी? अभी हाल ही में जब राष्ट्रपति भवन में 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमशः 'गणतंत्र मंडप' और 'अशोक मंडप' किया गया, तो इसी कांग्रेस ने हाय-तौबा मचायी थी। याद रखें कि भाजपा सरकारों ने अब तक जितने भी नाम बदले हैं, उसके पीछे का उद्देश्य गुलामी के चिह्न हटाकर उन्हें मूल पहचान स्थापित करना है। भाजपा सरकारों ने अभी तक अंग्रेजों एवं इस्लामिक आक्रांताओं की गुलामी के चिह्न हटाए हैं, जिस पर सदैव कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तथाकथित सेकुलर बिरादरी को कष्ट होता रहा है। वहीं, कांग्रेस ने जब नाम बदलने का काम किया तो उसने भारतीयता के प्राण 'राम' का नाम ही बदलने का निर्णय लिया है। इसे साफतौर पर राम और हिन्दू प्रतीक के विरोध के रूप में ही देखा जाएगा। कांग्रेस के इस निर्णय से भारत के संत समाज में भी नाराजगी है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि "योगी आदित्यनाथ राम की परंपरा, सनातन की परंपरा के अनुसार नाम बदलते हैं जबकि वे (कर्नाटक सरकार) अपने ढंग से नाम बदलते हैं...राम का नाम उन्हें अच्छा नहीं लगता। ऐसे लोग सनातन विरोधी हैं, मैं उनकी कड़ी निंदा करता हूं"। कांग्रेस को अवश्य ही यह विचार करना चाहिए कि इस प्रकार राम के नाम को मिटाकर क्या वास्तव में 'राम के अस्तित्व' को मिटाया जा सकता है? आर्थिक जगत के बड़े नामों को लाभ पहुँचाने के लिए रामसेतु को तोड़ने के प्रयासों में एक बार कांग्रेस राम के अस्तित्व को झुठलाने का अपराध कर चुकी है। लेकिन हुआ क्या? रामसेतु और राम का नाम यथावत है। अपितु कई बार कांग्रेस के नेता ही न्यायालय में दिए गए अपने ही हलफनामे को झुठलाने पर मजबूर हो जाते हैं। कांग्रेस के इस निर्णय के बाद से कर्नाटक में राजनीतिक वातावरण गर्म हो गया है। रामनगर जिले का नाम बदलने के कांग्रेस के निर्णय का भाजपा की ओर से तीव्र विरोध दर्ज कराया गया है। भाजपा को चाहिए कि वह इस मुद्दे को लेकर राज्य व्यापी ही नहीं अपितु देश व्यापी आंदोलन खड़ा करे और संपूर्ण देश को इस निर्णय के बारे में बताए। भाजपा की ओर से उचित ही कहा गया है कि उनकी सरकार आई तो वह निर्णय को पलटकर पुनः राम के नाम को स्थापित करेगी। यहाँ यह भी अंदेशा जताया जा रहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने अपने रियल एस्टेट कारोबारी मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिए भगवान राम के नाम पर बसे जिले का नाम बदलकर 'बेंगलुरु साउथ' किया है ताकि इस जिले को ब्रांड बेंगलुरु से जोड़कर यहाँ रियल एस्टेट के कारोबार को गति दी जा सके। यहाँ भी कांग्रेस का पाखंड दिखायी पड़ता है। एक ओर उनका शीर्ष नेतृत्व कारोबारियों को बुरा-भला बोलता रहता है वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार अपने कारोबारी मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिए राम का नाम मिटाने में भी नहीं हिचकती है।

कांग्रेस सरकार ने बीते शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु साउथ करने का निर्णय लिया है। मोदी और योगी सरकार द्वारा स्थानों के नाम बदलने का विरोध करनेवाली कांग्रेस किस मुंह से रामनगर का नाम बदलने के अपने निर्णय का बचाव करेगी? अभी हाल ही में जब राष्ट्रपति भवन में 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमशः 'गणतंत्र मंडप' और 'अशोक मंडप' किया गया, तो इसी कांग्रेस ने हाय-तौबा मचायी थी। याद रखें कि भाजपा सरकारों ने अब तक जितने भी नाम बदले हैं, उसके पीछे का उद्देश्य गुलामी के चिह्न हटाकर उन्हें मूल पहचान स्थापित करना है। भाजपा सरकारों ने अभी तक अंग्रेजों एवं इस्लामिक आक्रांताओं की गुलामी के चिह्न हटाए हैं, जिस पर सदैव कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तथाकथित सेकुलर बिरादरी को कष्ट होता रहा है। वहीं, कांग्रेस ने जब नाम बदलने का काम किया तो उसने भारतीयता के प्राण 'राम' का नाम ही बदलने का निर्णय लिया है। इसे साफतौर पर राम और हिन्दू प्रतीक के विरोध के रूप में ही देखा जाएगा। कांग्रेस के इस निर्णय से भारत के संत समाज में भी नाराजगी है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि "योगी आदित्यनाथ राम की परंपरा, सनातन की परंपरा के अनुसार नाम बदलते हैं जबकि वे (कर्नाटक सरकार) अपने ढंग से नाम बदलते हैं...राम का नाम उन्हें अच्छा नहीं लगता।

### घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण रोज़गार की तलाश करने लगा

## रोजगार को गांव तक पहुंचाने की जरूरत है

कृष्णा कुमारी मीणा

रोज़गार की तलाश में कहीं भी जाता था तो मायूसी ही हाथ लगती थी। इसलिए अब मैंने अपनी डिग्री के आधार पर रोज़गार की तलाश छोड़ कर मज़दूरी से ही जुड़ गया हूं। कम से कम इससे आमदनी तो हो रही है और मैं अपने परिवार को पालने में सक्षम तो हूं।" यह कहना है 26 वर्षीय राजकंवर दौसा का, स्नातक पास राजकंवर राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव का रहने वाला है। यह गांव अजमेर से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। करीब 650 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग 100 घर हैं। जिनमें भील, रेगर और मुस्लिम परिवारों की संख्या अधिक है।

"मैंने 12वीं तक विज्ञान विषय से पढ़ाई की है। फिर घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण रोज़गार की तलाश करने लगा। लेकिन मुझे कहीं भी नौकरी नहीं मिली। जिसके बाद मुझे मार्बल फैक्ट्री में मज़दूर के रूप में काम करना पड़ रहा है। रोज़गार की तलाश में कहीं भी जाता था तो मायूसी ही हाथ लगती थी। इसलिए अब मैंने अपनी डिग्री के आधार पर रोज़गार की तलाश छोड़ कर मज़दूरी से ही जुड़ गया हूं। कम से कम इससे आमदनी तो हो रही है और मैं अपने परिवार को पालने में सक्षम तो हूं।" यह कहना है 26 वर्षीय राजकंवर दौसा का, स्नातक पास राजकंवर राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव का रहने वाला है। यह गांव अजमेर से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। करीब 650 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग 100 घर हैं। जिनमें भील, रेगर और मुस्लिम परिवारों की संख्या अधिक है। इस गांव में रोज़गार सबसे बड़ा मुद्दा है। कुछ ही परिवार ऐसे हैं जो स्थाई रूप से रोज़गार से जुड़े हुए हैं।

गांव के 45 वर्षीय तोलाराम बताते हैं कि उनके परिवार में 6 सदस्य हैं। जिनके भरण पोषण की ज़िम्मेदारी उनके कंधो पर है। जिसके लिए वह स्थानीय मार्बल फैक्ट्री में सुपरवाइज़र के रूप में काम करते हैं। वह बताते हैं कि उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है और इस आधार पर कई बार सरकारी नौकरी के लिए आवेदन भी भरा। लेकिन जब नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने मार्बल फैक्ट्री में काम करना शुरू कर दिया। तोलाराम बताते हैं कि वह आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर हैं। उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह कोई स्वरोज़गार कर सकते थे। इसलिए उन्होंने प्राइवेट नौकरी करना ही बेहतर समझा। वह बताते हैं कि गांव के बहुत सारे युवा ऐसे हैं जो अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और उन्हें कोई रोज़गार नहीं मिल रहा है। वह बताते हैं कि रोज़गार के साथ साथ गांव में कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। जिसका नकारात्मक प्रभाव भी गांव के विकास पर पड़ता है। गांव में आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। जिसके कारण यहां परिवहन की बहुत बड़ी समस्या आती है। गांव से शहर आने जाने के लिए किसी प्रकार का ऑटो या अन्य साधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में रोज़गार करने वालों को भी कठिनाइयों का सामना रहता है। प्रतिदिन अजमेर शहर जाकर नौकरी अथवा मज़दूरी करने वालों को




प्रतिदिन गांव से डेढ़ किमी पैदल चल कर मुख्य सड़क तक पहुंचना होता है, जहां से शहर जाने के लिए गाड़ियां उपलब्ध होती हैं। वह कहते हैं कि यदि गांव में पक्की सड़क का निर्माण हो जाता तो आवागमन की सुविधा हो जाती जिससे रोज़गार करने वालों को आसानी होती।

स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा 21 वर्षीय कुसुम कहती है कि धुवालिया नाडा के अधिकतर युवा या तो प्राइवेट जॉब करते हैं या फिर बाहर जाकर मज़दूरी करते हैं क्योंकि गांव में कृषि के लायक सभी के पास पर्याप्त ज़मीन भी नहीं है और स्वरोज़गार का भी विकल्प नज़र नहीं आता है। वह कहती है कि जल्द ही उसका ग्रेजुएशन पूरा होने वाला है। इस आधार पर वह पिछले कुछ महीनों से लगातार नौकरी के लिए प्रयास कर रही है। लेकिन अभी तक उसे सफलता नहीं मिली है। कुसुम कहती है कि गांव में लड़कों के साथ साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी ज़ोर दिया जाता है। इसलिए यहां सभी बच्चे स्कूल जाते हैं। लेकिन पढ़ लिख कर रोज़गार के लिए भटकते नज़र आते हैं। फिर वह या तो फैक्ट्रियों में काम करने लग जाते हैं या फिर किसी निजी संस्था में बहुत कम तनख्वाह पर काम करते हैं। वह कहती है कि गांव में स्वरोज़गार के विकल्प नहीं है। इसीलिए युवा अपना रोज़गार शुरू करने के स्थान पर कहीं नौकरी करते हैं। यदि सरकार और संबंधित विभाग की ओर से गांव में ही स्वरोज़गार के विकल्प उपलब्ध कराये जाएं तो बहुत सारे युवा विशेषकर किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में बहुत सार्थक पहल होगी। अभी गांव की लड़कियां स्वरोज़गार के नाम पर कपड़े सिलाई करती हैं। लेकिन इससे उन्हें बहुत अधिक लाभ नहीं मिलता है। यदि उन्हें रोज़गार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण दिए जाएं तो वह गांव में ही रहकर आर्थिक रूप से मज़बूत बन सकती हैं।

एक अन्य युवा 32 वर्षीय जयराम रेगर कहते हैं कि उन्होंने कहीं नौकरी करने से बेहतर कृषि कार्य को प्राथमिकता दिया था और ज़मीन के छोटे टुकड़े पर खेती शुरू की थी, जो उनकी पारिवारिक ज़मीन है। लेकिन कभी सिंचाई तो कभी बीज या मार्केटिंग की समस्या आती थी। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। यही कारण है कि अब उन्होंने इसे छोड़ कर नौकरी करने की सोची है। हालांकि अब उन्हें रोज़गार ढूंढने में काफी कठिनाई आ रही है। वह कहते हैं कि "गांव में रहकर यदि स्वरोज़गार का कोई माध्यम उपलब्ध हो जाए तो उनके लिए बहुत अच्छा होगा। लेकिन उन्हें नहीं पता कि इसके लिए वह क्या करें? उन्होंने बताया कि केंद्र और राजस्थान सरकार की ओर से स्वरोज़गार से जुड़ी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके लिए सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। लेकिन इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य युवा 12वीं पास मुकेश कहते हैं कि 'पढ़ाई के बाद जब रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं हुआ तो उन्होंने फैक्ट्री में काम शुरू किया है। इसके लिए उन्हें प्रतिदिन अजमेर शहर जाना पड़ता है। जिसमें उनके काफी पैसे खर्च हो जाते हैं। लेकिन उनके पास रोज़गार का कोई अन्य विकल्प नहीं है। वह कहते हैं कि पशुपालन के लिए भी आर्थिक सहायता की ज़रूरत होती है। इसके लिए उन्होंने बैंक से लोन लेने का भी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।

हालांकि केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों की ओर से युवाओं को रोज़गार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। राजस्थान सरकार की ओर से मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से लोन दिया जाता है इसमें सब्सिडी भी उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में सरकार द्वारा व्यवसाय के आधार पर 25 लाख रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक लोन दिया जाता है। योजना के तहत उपलब्ध कराए जाने वाला लोन बैंकों के माध्यम से दिया जाता है।

दृष्टि कोण

## सैन्य शहादतों पर सियासत की खामोशी

नौ जून 2024 को भारत की नवनिर्वाचित हुकूमत का शपथ समारोह चल रहा था। प्रधानमंत्री के साथ नई सरकार के मरकजी वजीर हलफ उठा रहे थे। उसी दिन पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने जम्मू के रियासी क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक बस पर गोलीबारी करके दस अकीदतमंदों को मौत के घाट उतार दिया था। जाहिर है उस आतंकी हमले के जरिए पाक खूफिया एजेंसी आईएसआई ने हिंदोस्तान की नई हुकूमत के साथ मुल्क के पूरे सियासी निजाम को पैगाम नसर कर दिया कि जम्मू कश्मीर राज्य में आतंकवाद अभी शांत नहीं हुआ है, बल्कि दहशतगर्द व आतंक के पैरोकार भारत को दहलाने के लिए सरहद के उस पार तैयार बैठे हैं। छह जुलाई 2024 को कश्मीर के कुलगाम में सेना की स्पेशल फोर्स के दो जवान आतंकी हमले में बलिदान हो गए। आठ जुलाई 2024 को कठुआ में आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला कर दिया जिसमें पांच जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। 16 जुलाई 2024 को डोडा जिला में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में राष्ट्रीय राइफल्स के एक अधिकारी सहित तीन जवानों की शहादत हो गई। गत जुलाई में जब जम्मू कश्मीर राज्य में सेना के जवान आतंकियों को जहन्नुम की परवाज पर भेजकर बलिदान हो रहे थे, उस वक्त मुल्क की सियासत देश के कई राज्यों में हो रहे उपचुनावों में मशगूल थी। सियासी रहनुमां जीत का जश्न मना रहे थे।

चुनावों में जीत व शिकस्त पर आकलन चल रहा था। देश में बड़े उद्योगपतियों के शादी समारोह मीडिया चैनलों की सुर्खियां बने थे। नतीजतन देश की सुरक्षा में मुस्तैद सैनिकों की शहादतें इंतखाबी शोर में दब कर रह गईं। 24 जुलाई 2024 को कुपवाड़ा सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स के शहीद जवान दिलावर खान का संबंध हिमाचल से था। मजहब के नाम पर वजूद में आए पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर को हथियाने के लिए चार बड़े युद्धों को अंजाम दिया। मगर भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाक सेना को चारों युद्धों में जिल्लत भरी शिकस्त झेलनी पड़ी। जम्मू कश्मीर को दहलाने के लिए पाकिस्तान आतंकी मंसूबों को लगातार अंजाम दे रहा है। राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए देश के सैनिक एक मुद्दत से अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहे हैं। सैनिकों की शहादतों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। मगर पाकिस्तान के प्रति भारत की क्रिकेट खेलने की दीवानगी कम नहीं हो रही। गुजिस्ता जुलाई महीने में जम्मू कश्मीर में पाक परस्त आतंकियों से लोहा लेकर देश के जवान शहीद हो रहे थे। उसी दौरान भारत के सीनियर क्रिकेटर 'वल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेड्स' में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने में मशगूल थे। यह कारकर्दगी पाक परस्त आतंक से लडक़र शहीद हो रहे सैनिकों के बलिदान का अपमान है। सवाल यह है कि क्रिकेट बड़ा है या राष्ट्र? आतंकवाद का निर्यात करने वाले मुल्क के साथ खेल व मुजाकरात कितना मुनासिब है? देश के हुक्मरानों को विचार करना होगा। दूसरी विडंबना यह है कि लोकतंत्र के नाम पर देश पर शासन करने वाले सियासी रहनुमाओं का मुल्क के सामरिक क्षेत्र में धरातल पर कोई योगदान नहीं है और न ही जमीनी स्तर पर कोई अनुभव। इसीलिए जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में हो रही आतंकी घटनाओं तथा पाक पोषित आतंक पर संसद में कभी चर्चा नहीं होती। बल्कि जम्हूरियत की पंचायतों के तमाम इजलास हंगामे की भेंट चढ़ जाते हैं। हजारों फीट के फराज पर मौजूद दुनिया का सबसे ऊंचा रणक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर व अरुणाचल तथा सिक्किम जैसे राज्यों की संवेदनशील सरहदें सियासी नजर-ए-करम को मोहताज हैं।



पाकिस्तान की सियासी कयादत, सेना व 'आईएसआई' आतंकी रहनुमाओं की खादिम बन चुकी है। दुनिया के मोस्ट वांटेड आतंकियों के लिए सबसे महफूज पनाहगाह पाकिस्तान है। लेकिन सन-1971 में पाकिस्तान को तकसीम करके पाक का भूगोल बदलने वाली विश्व की सर्वोत्तम भारतीय थलसेना उस तारीख को दोहराने की पूरी सलाहियत रखती है। बशर्ते चुनावी तशहीर के दौरान पाकिस्तान के टुकड़े करने वाले सियासी रहनुमां तथा जम्हूरियत की पंचायतों में जाति, मजहब व आरक्षण जैसे मुद्दों पर गर्जने वाली सियासी जमातें पाक परस्त आतंकवाद से निपटने में भी एकजुट होकर इच्छाशक्ति दिखाएं। आतंकी हमलों के एहतजाज में धरने-प्रदर्शन करना व मरकजी हुकूमत को तनकीद का निशाना बनाना या पाकिस्तान का पुतला जलाने से आतंकवाद नहीं थमेगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उरीमारी दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक संपन्न, भव्य पूजा पंडाल रहेगा आकर्षक का केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के बेस वर्कशॉप में बिते बुधवार को उरीमारी दुर्गा पूजा कमिटी कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार व बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, युनियण पदाधिकारी व विस्थापित एवं कोयला कर्मचारी सहित पुर्व पुजा समिति के लोग उपस्थित रहे। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाया जाएगा। वहीं इस बार पिछ्ले साल से भी भव्य पुजा पंडाल और लाइट व भव्य सजावट किया जाएगा। जिसमें लगभग 15 लाख रुपए तक खर्च होंगे। जिसमें सिर्फ भव्य पुजा पंडाल पर ही लगभग साढ़े आठ लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं पंडाल निर्माण का कार्य शिव टेंट हाउस उरीमारी को दिया गया है। वहीं इस बैठक में संयुक्त रूप से झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, राकोमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, विस्थापित नेता महादेव बेसरा, बिजय करमाली, विश्वनाथ मांझी, पुजा समिति के सचिव सीताराम किस्कू, कोषाध्यक्ष लालू महतो, गणेश गंझू, राजेन्द्र महतो, भोला प्रसाद, शंकर कुमार, राजेन्द्र गंझू, गोविंद मांझी, महेश गिरी, महाबीर प्रसाद, चंदू, संजय यादव, रामचंद्र, दिनेश मुंडा, बाल्मिकी यादव, मनोज कुमार दुबे, केसी डे, टहल गोप, दीपक विश्वकर्मा, सटाई राजभर, सुदर्शन राम, श्रीराम मांझी, भीम कुमार, जगू साव, जयपाल मांझी, सहदेव मांझी आदि लोग मौजूद थे।




## महिलाओं के न्याय एवं सुरक्षा की मांग को लेकर रामगढ़ महाविद्यालय ने निकाला मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ और रामगढ़ महिला महाविद्यालय के द्वारा सामूहिक रूप से कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर कांड के खिलाफ विरोध मार्च निकाला गया और न्याय की गुहार लगाई गई। रामगढ़ महाविद्यालय परिसर से ब्लाक चौक, रामगढ़ तक प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्र छात्राओं के मार्च में हमें न्याय चाहिए का नारा गूंज रहा था। इस विरोध मार्च की नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लड़कियां सुरक्षित नहीं तो देश सुरक्षित नहीं, देश ही नहीं संसार में कहीं भी ऐसी घटना न हो। उपास्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं के इज्जत, सम्मान और जान पर उत्पन्न खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की गई और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई तथा इस कांड के दोषी को सजा दिलाने और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई। ज्ञात हो कि इस रेप और हत्या के मामले आज भी देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी है। महाविद्यालय से निकाले गए मार्च में प्रो सरिता सिंह, डा. आर वी.पी. देव, डॉ राजेश उपाध्याय, डॉ बक्शी ओमप्रकाश, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ कामना राय, प्रोफेसर रोज उरांव, डॉ प्रीति कमल, डॉ मालिनी डीन ,डॉ बलवंती मिंज, प्रो साजिद हुसैन, प्रो. बीरबल महतो, डॉ शाहनवाज खान, प्रो भरत भूषण, प्रो मिथलेश, अजीता किंडो, सरजू महतो, विरेंद्र उरांव, सुरेश महतो, राकेश रौशन, मनोज कुमार, विजय कुमार, सबिता कुमारी, रीता देवी, राजेश महतो, दिलीप रॉबर्ट तथा सैकड़ो की संख्या में छात्र और छात्र में उपस्थित थे।



## मनरेगा योजनाओं के सफल संचालन को लेकर प्रखंड कर्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** डिजिटल पंचायत में मनरेगा की योजनाओं को सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम किया जा रहा है।प्रशिक्षण में सभी मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए।मास्टर ट्रेनर संदीप उरांव, भानू प्रताप महतो ने प्रथम सत्र में मनरेगा की मुख्य बातें मनरेगा से संभावित लाभ, काम पाने की प्रक्रिया व जॉब कार्ड संबंधित में जानकारी दी तथा पंचायत को डिजिटल बनाने की जानकारी दी गई।इसके अलावा काम एवं बेरोजगारी भत्ता के लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से बताया. वहीं दूसरे सत्र में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम मनरेगा पोर्टल व पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी गयी. तीसरे सत्र में पंचायतवार तीन-तीन का समूह बनाते हुए प्रतिभागियों की ओर से पंचायत स्तर लॉगइन पोर्टल के लिए आइडी एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए मनरेगा पोर्टल पर लॉगइन कर पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड समन्वयक अशोक कुमार, पंचायत सचिव लक्ष्मी कुमारी, पुष्पेश्वरी कुमारी, सहदेव महतो, पूनम साहू, प्रकाश कुमार, मुखिया बरियातू राजकूमार साव, मुखिया बंदा, चाड़ी, रकुवा, सूत्री के अलावा प्रज्ञा केंद्र संचालक महेंद्र कुमार, ब्रह्मदेव महतो, नरेंद्र बेदिया, अजय कुशवाहा आदि शामिल थे।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को दी बधाई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश रांची एयरपोर्ट पहुंचकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव-नियुक्त अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश का पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा हार्दिक स्वागत किया जा रहा है। इस क्रम में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री केशव महतो कमलेश को बुके भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सुधीर मंगलेश ने इस अवसर पर कहा, ÷केशव महतो कमलेश का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लेकर आएगा। उनके अनुभव और नेतृत्व में पार्टी निश्चित रूप से राज्य में और मजबूत होगी।उन्होंने आगे कहा कि कमलेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और अधिक जोश और समर्पण के साथ जनसेवा में जुटेंगे।इस कार्यक्रम में पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। केशव कुमार कमलेश ने इस मौके पर कहा, यह सम्मान और जिम्मेदारी मुझे पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता की सेवा में और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है। मैं सबके सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हूं।मौके पर कमलेश कुमार सुनिल चक्रवर्ती छोटन कुमार आदि थे ।



## भाकपा-माले की एकता रैली को सफल करो को लेकर गोला प्रखंड में ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 9 सितंबर 2024 को भाकपा-माले की एकता रैली को सफल करो को लेकर गोला प्रखंड के बनजारा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किशोर मुर्मू और संचालन धानू टुडू ने किया। बैठक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा सह भाकपा-माले के देवकीनंदन बेदिया, नागेश्वर मुंडा, सुनील किस्कू, मणेन्द्र कुमार हेम्ब्रम, दिनेश मांझी, कृष्णा मांझी, संजय टुडू रामनाथ माझी, मनसू मांझी, धनेश्वर माझी, बिक्की टुडू, विकाश मांझी, बाबुदास मांझी, प्रेम टुडू, किसनाथ मांझी, निर्मल टुडू, रमेश टुडू, सुखराम टुडू, बुधन मांझी सुखलाल टुडू अन्य दर्जनों महिला पुरुष ने भाग लेकर विचार-विमर्श किए कि जल-जंगल-जमीन की लड़ाई जारी है और जारी रहेगा। ग्रामीण गरीबों, किसान, मजदूर, छात्र-युवाओं की व्यापक एकता रैली में गरीब आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन पर अधिकार की आवाज को बुलंद करेगी। 9 सितंबर को धनबाद एकता रैली में गोला प्रखंड से एक दिन पहले ही ट्रेन से गोला स्टेशन में सैकड़ों महिला-पुरुष जाएंगे।



## पतरातू प्रखंड के दो महत्वपूर्ण सड़कों का होगा जल्द निर्माण : अम्बा प्रसाद

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया पतरातू प्रखंड के दो महत्वपूर्ण सड़क पंचायत पालू के ग्राम टोकीसुद जीभीके बाउंड्री सरना से लमकीटांड़ खेल मैदान मुख्य पथ एवं बबलू मांझी के घर से चोरगढ़ा तक 1.700 किमी पथ का निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 16 लाख की लागत से व ग्राम टेरपा 52 नंबर पथ से ढोढ़ी सरना देव स्थल एवं चोरगढ़ा पुल से रखोताटांड़ तक लगभग 2.2 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 31 लाख की लागत से होगा। तथा सड़कों की निविदा जल्द निकल जाएगी इन सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।



# झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने जिले के अधिकारियों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम चतरा परिसदन भवन पहुंचे। जहां श्री आलम के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर अल्पसंख्यक से संबंधित समस्याओं को सुना। वहीं समाहरणालय सभा कक्ष में माननीय उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री), झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग श्री शमशेर आलम की अध्यक्षता में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विन्दुवार समीक्षा किया गया। जिसमें मुख्यतः मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, अल्पसंख्यकों के लिए छात्रावास, विद्यालय, मदरसा, उर्दू शिक्षकों की बहाली, स्वास्थ्य केन्द्र समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही बताया गया कि चतरा जिले में दो मदरसा है जिसमें शिक्षकों की स्वीकृत बल 12 है जिसमें 01 कार्यरत है 11 रिक्त है। कार्यरत शिक्षक को माह जुलाई 2024 तक का वेतन भुगतान किया जा चुका है। जिला कल्याण पदाधिकारी अल्का कुमारी ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कुल 6 लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना से लाभान्वित किया गया है। उन्होने 2023-24 एवं 2024-25 के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की जानकारी ली। इसी प्रकार साइकिल वितरण योजना, छात्रवृति वितरण योजना, अल्पसंख्या कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का समीक्षा कर कहा जो भी पूर्व की योजनाएं लंबित या प्रगति पर है उसे शत प्रतिशत जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। जिससे योजना धरातल पर दिखे। आगे उन्होने कहा जन सुनवाई के दौरान जानकारी प्राप्त हुई है कि अल्पसंख्यकों के लिए अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, सिविल सर्जन चतरा स्वास्थ्य केन्द्र के लिए नियमसंगत कार्रवाई करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उक्त बैठक में उपायुक्त श्री रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकिल अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच में विजेता ए टीम कुब्बा ने जीत दर्ज की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत स्थित शास्त्री चौक के समीप प्रखंड स्तरीय नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 15 अगस्त को उद्घाटन किया गया था। नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच उद्घाटन के मुख्य अतिथि सीओ उदल राम, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी व मुखिया संदीप कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। फाइनल मैच में बरवाडीह ए टीम, कुब्बा ए टीम, दूसरे सेट मे बरवाडीह बी टीम, कुब्बा बी टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें बरवाडीह ए टीम, कुब्बा ए टीम के बीच रोमांचक खेल में संघर्ष करते कुब्बा ए टीम ने जीत दर्ज की। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, मुखिया संदीप कुमार सुमन ने प्रथम पुरस्कार कुब्बा टीम ने 5000 हजार और शील्ड जीत दर्ज किया। दूसरे स्थान बरवाडीह ए टीम 3000 हजार ए शील्ड तीसरे स्थान पर कुब्बा बी टीम को 2000 हजार रुपए नगद शील्ड देकर सम्मानित किया। मुखिया संदीप कुमार सुमन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शास्त्री चौक में प्रखंड स्तरीय नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कर खेल प्रेमियों को अपने प्रतिभा निखारने का अवसर दिया है। खेल से प्रखंड का नाम रोशन, मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होती है। मानव जीवन के लिए खेल की अहम भूमिका होती है।

## दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दो दिवसीय दौरा में पहुंचे झारखण्ड राज्य के अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम। दो दिन के दौरे में झारखंड राज्य के शमशेर आलम चतरा पहुंचे जहां जिले के विभिन्न विभागों का समीक्षा किया और उर्दू विद्यालयों एवं कल्याण विभाग से संबंधित विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्य करने का आदेश भी दिया दो दिन के आगमन में चतरा सर्किट हाउस में रुके और पत्रकारों से प्रेस वार्ता भी किए। भ्रमण के दौरान। जनप्रतिनिधियों से मुलाकात किया साथ हीं बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा किया। आगमन के बाद उपायुक्त रमेश घोलप और डीडीसी पवन कुमार मंडल ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## फाइलेरिया मुक्त हो को लेकर कस्तूरबा विद्यालय में खिलाया गया बच्चियों को दवा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी अवस्थीय बालिका विद्यालय में बृहस्पतिवार को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। यह कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा किया गया जहां दवा खिलाने वाले रिंकी कुमारी सहीया साथी सुचिता देवी सहीया सुषमा देवी और वीरेंद्र दांगी उपस्थित थे।

## प्रत्येक महीने सही तरीके से होता है खाद्यान्न का वितरण : किरण समूह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत तुरी टोला स्थित किरण महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली दुकान के अध्यक्ष, सचिव, रुकसाना खातून, जुलेखा बीबी और हसीना बीबी ने कहा है कि प्रत्येक महीने सही तरीके से खाद्यान्न का वितरण कार्डधारियों को किया जाता रहा है। इस संबंध में गुरुवार को खबर संकलन के दौरान उक्त डीलर द्वारा बताया गया कि राशन वितरण में कोई गड़बड़ी नहीं है हमलोग पुरी मात्रा में कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराते हैं। वहीं हसीना बीबी, हसीबन बीबी सुनिता देवी, नसीमा बीबी, रोजीना बीबी, समरुन बीबी, जुबैरा बीबी, नाजिमा बीबी शायरा मसोमात समेत अन्य कार्डधारियों ने बताया कि हमें पुरी मात्रा में राशन दिया जाता है हमलोगों को डीलर से कोई शिकवा शिकायत नहीं है। वहीं समूह के डीलर ने बताया कि कुछ महीने पूर्व निलंबित एम डी कासिम जन वितरण प्रणाली दुकान को किरण स्वयं सहायता समूह में टैग कर खाद्यान्न का आवंटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व में निलंबित दुकान के राशन कार्डधारी खासकर उक्त दुकानदार के पुत्र वकील अंसारी राशन उठाव करते समय राशन वितरण बाधित करने की योजना बनाकर हंगामा खड़ा कर दिया। बताया कि हमेशा उनके हिस्से के खाद्यान्न से ज्यादा मात्रा में राशन जबरदस्ती उठाकर ले जाते हैं जब इसका विरोध हमलोगों ने किया तो वह अपने कुछ कार्डधारियों के साथ हमलोगों पर राशन कम मात्रा में देने, दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने लगा जो कि आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि कार्डधारियो को बिना विवाद के शांति पूर्ण तरीके से प्रत्येक माह राशन वितरण किया जाता है।

## चतरा जिला अध्यक्ष आलोक रंजन के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च निकाला गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकता में महिला डॉक्टर मौमिता देवनाथ के साथ बीते 8 अगस्त को बलात्कार हत्र्त्या कर दिया गया था। जिसके बिरोध में चतरा में भव्य बिरोध प्रदर्शन एवं केंडल मार्च चतरा केसरी चौक से जतराहिबाग अशोक स्तंभ तक किया गया। अशोक स्तंभ के पास कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करो, ममता बनर्जी मुर्दाबाद, बलात्कारियों को फांसी की सजा दो, भारत माता की जय इस तरह का कई नारे लगा रहे थे। प्रदेश महासचिव ने कहा कि बंगाल में महिलाएं क्या पुरुष भी सुरक्षित नहीं है, जब घर से कोई व्यक्ति निकलता हैं तो उनके घर परिवार के लोग चिंतित रहते हैं। कि मेरा पुत्र या मेरा पति सुरक्षित लौटेगा कि नहीं। बंगाल में दिनदहाड़े हत्या बलात्कार एवं डकैती आम बात हो गई है। इसलिए केंद्र सरकार को अभिलंब राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। जिससे लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपना गुर्जर बसर कर सकें।वही जिला अध्यक्ष आलोक रंजन ने कहा कि कोलकता में घटना कारित करने वाले वेक्तियो को न्यालय के द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जिससे भविष्य में कोई व्यक्ति इस तरह का दुसाहस करने से बचे। कार्यक्रम में युवामोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीत कुमार, जिला सचिव हिमांशु कुमार, जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार सागर, मीडिया प्रभारी अंजीत यादव, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम सचिव अरविंद कुमार साहू, जितेंद्र कुमार पाठक, गंगाधर शास्त्री, राजेश पासवान, जितेन्द्र रजक, चम्पा कुमारी, भेखलाल मुंडा, राजेन्द्र प्रसाद,एवं राजू राणा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जल संचय के लिए अपने अपने चापानल के करीब सौंफिट बनाए : डीडीसी पवन मंडल



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पानी की समस्या को देखते हुए अपने अपने चापानल को करीब सौंफिट बनावे और पानी को संचय करें। यह बाते पत्रकारों के मुलाकात में डीडीसी पवन कुमार मंडल ने कहा है। आगे श्री मंडल ने कहा कि दिनों दिन पानी का लेयर घटता जा रहा है। जिसका नतीजा है कि दिन प्रतिदिन पानी की समस्याओं से हम घिरते जा रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए हमलोगों को पानी का संचय करना अति आवश्यक है नहीं तो आने वाला दिनों में पानी का खतरा बढ़ जाएगा। चुकी पानी की खर्चा आवश्यकता से ज्यादा किया जा रहा है। वैसे में हम सभी लोग अपने अपने घरों के पास। चापानल का दो टंकी बनावे एक में पानी समेत कचरा चला जाएगा वहीं दूसरे टंकी से अटैच टंकी में केवल वेस्टेज पानी स्टोर हो जाएगा। जिससे उक्त स्टोरेज टंकी से चापानल का लेयर बना रहेगा। और पानी का संचय भी होता रहेगा। यह बाते जिले के तमाम नागरिकों से आग्रह पूर्वक डीडीसी पवन कुमार मंडल ने कहा है।

## दो मोटरसाइकिल सवारों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप के समीप दो मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने टक्कर हो गयी। घटना के संबंध में मे मिली जानकारी के अनुसार अनुज कुमार 16 वर्ष पिता जलदेव साहू,प्रियांशु कुमार 15 वर्ष पिता संतोष गुप्ता दोनों ग्राम टमटमटोला थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ के मुरपा मोड की ओर से अपने घर वापस टमटमटोला जा रहे थे। तभी दुर्गा मंडप के समीप सामने से आ रही मोटरसाइकिल आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## कैरो में कृषि विभाग द्वारा नेपसेक स्प्रेयर दवा मशीन का प्रखंड प्रमुख के द्वारा किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा गुरुवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर में प्रखंड क्षेत्र के 70 किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान में नेपसेक स्प्रेयर दवा मसीन का वितरण किया गया। मसीन वितरण करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों की सुविधा के लिए खेतों में लगे विभिन्न फसलों में किटनासक, उर्वरक इत्यादि के छिड़काव के लिए नेपसेक स्प्रेयर मसीन का वितरण किया जा रहा है ताकि किसान सही समय में इसका उपयोग कर अच्छी खेती के साथ अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें। मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, एटीएम सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, रविन्द्र सिंह, सनुप ठाकुर, विजय उरांव, अमित उरांव, गोबिंद महतो, मंसूर अंसारी, कुंवर साहू, सारू उरांव, संजय उरांव, परवेज अंसारी, दिनेश उरांव, तीरथ उरांव, जीतू उरांव, जितेंद्र उरांव, कमलेश उरांव, पिंटू मुंडा, सोमनाथ उरांव, करमचंद महली, कृष्णा मुंडा, सोनू ठाकुर सहित किसान मौजूद थे।


# भाजपा ने मसाल जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी ने लातेहार में बुधवार शाम को नगर भ्रमण कर एक विशाल मसाल जुलूस निकालकर झारखंड सरकार की विफलताओं के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। पार्टी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। जिससे सरकार की असलियत सामने आ सके। जनता को बेहतर प्रशासन मिल सके। भाजपा नेताओं ने जुलूस के दौरान जोरदार नारेबाजी की। हेमंत सोरेन की सरकार कि नीतियों और कार्यशैली की आलोचना की।पलामू प्रमण्डल प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, विकासहीनता और जनसुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याएं उभरी हैं।भाजपा ने इसे जनता के प्रति धोखा बताते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। मनिका विधानसभा से भाजपा नेता शिल्पा कुमारी ने पत्रकारों को बताया की हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड के विकास को गंभीर रूप से बाधित किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। सरकार ने सिर्फ बयानबाजी की है।जबकि जमीन पर कोई वास्तविक काम नहीं हुआ। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद ने कहा कि यह प्रदर्शन सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है।इसे व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।हमारी पार्टी की ओर से यह मसाल जुलूस आयोजित किया गया है। ताकि झारखंड की सरकार की कुप्रबंधन और जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जा सके। राजु रंजन पाण्डेय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हेमंत सोरेन की सरकार ने ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव किया है। उनकी समस्याओं को नजर अंदाज किया है।उन्होंने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाए ताकि वह ओबीसी समुदाय के अधिकारों की रक्षा करें और विकास कार्यों को प्राथमिकता दें। हम हर स्तर पर सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे और ओबीसी समुदाय के उत्थान के लिए लड़ाई जारी रखेंगे।नागमणी युवा नेता ने जनता से अपील की कि वे इस आंदोलन में सक्रिय भाग लें और अपनी समस्याओं के आवाज को बुलंद करें। हेमंत सरकार को चुनौती दें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि युवा मोर्चा निरंतर जनता की आवाज उठाता रहेगा और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

## मृतका खुशबू कुमारी की माता ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुशबू कुमारी की माता चिन्तामणी देवी ने चिख चिख कर कह रही थी की मेरी नाबालिग बेटी की हत्या शाहरुख खान ने किया है। बालुमाथ थाना अंतर्गत ग्राम धाधु निवासी शाहरुख खान पर खुशबू कुमारी की बलात्कार कर हत्या करने की आरोप मृतका की माता चिन्तामणी देवी ने लगाई है। बता दें कि मृतका खुशबू कुमारी उम्र 16 वर्ष ग्राम चकला मोड़ थाना चंदवा पिता राजेंद्र उरांव माता चिन्तामणी देवी की पुत्री थी।जिसकी बलात्कार व हत्या के मामले को लेकर मृतका की माता ने 22 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को लातेहार एसपी कार्यालय में पहुंची व आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतका कि माता ने बताया ने बताया कि 18 अगस्त 2024 को करीब 11:30 बजे रात्रि में बेटी को विस्तर में नहीं देखी तो खोजबीन करने लगे इस दौरान बरामदे में ओढ़नी से लटके मिली तथा उसका पैर जमीन पर सटा हुआ था। तो मैं चिलाकर अपने पति को बुलाई और फंदे को खोलने लगी तो देखा कि मेरी बेटी की मृत्यु हो चुका है।शाहरूख खान हमेशा मेरी बेटी को तंग, परेशान एवं छेड़खानी किया करता था एक बार वर्ष 2023 में उस पर एक मुकदमा किया था।जिसमें वह जेल गया था। उसके बाद जेल से निकलने के बाद भी वह मेरी बेटी को परेशान किया करता था।वह मेरी बेटी को बराबर फोन पर अपने नम्बर 8292990336 से फोन कर परेशान किया करता था। और वह हमेशा बंदुक लेकर मेरे दुकान में आता जाता रहता था साथ में कुछ गुंडे भी लाया करता था। और मेरे पति एवं एकलौता बेटा को जान मार देने की धमकी देते रहता था।इस डर से मैं थाना में आवेदन पहले नहीं दी थी। वह कई बार बोलता था कि तुम्हारे बेटी को मुस्लिम बनाएगें।आगे उन्होंने नाबालीग बेटी के साथ बालात्कार कर उसकी हत्या करने के मामले में शाहरूख खान एवं उसके सहयोगीयों पर सख्त से सख्त कानुनी कारवाई करने एवं न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## विकास कार्यों में गड़बड़ी को लेकर 20 सूत्री समिति की हुई बैठक, बनाई गई पांच सदस्य जांच कमेटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय के समकक्ष में विकास कार्यों को लेकर 20 सूत्री समिति की बैठक हुई जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने किया। श्री बिकास ने बिकास के गड़बड़ियों को प्रोसिडिंग में रखकर दुख जताते हुए सभी विभागों को अपने कार्य क्षेत्र में खरा उतरने का अपील किया। विभागों में गड़बड़ी पाएगए मनरेगा में गड़बड़ी, अबुआ आवास, आंगन बाड़ी बालविकास, बिजली विभाग, शामिल हैं। मंईयां योजना में योग्य सभी लाभुकों का रजिस्ट्रेशन ससमय करवाने का निर्देश। अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर प्रखंड स्तरीय पांच सदस्यीय जांच कमिटी बनाई गई जिनमे एक विभागीय सदस्य के रूप में प्रखंड अंचलाधिकारी उदल राम शामिल है। बालविकास में नियमित रुप से संचालन नहीं होने बच्चों के उपस्थिति कम पाए जानें तथा गर्भवती महिलाओ को पोषक तत्व का कम वितरण के मामला को लेकर प्रखंड प्रशासन व बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष 1 सदस्यों का सभी जांच टीम के लिए निर्देश देकर रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करना है।पूर्व बैठक में जो प्रस्ताव लाया गया था उसे ससामय समाधान का निर्देश दिया है। बैठक में नहीं उपस्थित होने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों का कारण बताओ नोटिस व कर्रवाई करने का प्रस्ताव लाया गया। इस बैठक में बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, नावाडीह पंचायत पूर्व मुखिया मेघन दांगी,नौनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, सिंघानी पंचायत सचिव राकेश कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार समेत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रधानाध्यापक पर लगाया पक्षपात का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सालवे पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में अध्यक्ष चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा पक्षपाती कर चुनाव कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीण सरजू प्रजापति, रंजीत गंझु, धन्यजय गंझु, लगन गंझु, धानेश्वर गंझु, सुगदेव गंझु, रामा गंझु, बीरबल प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, गुलाबी गांझु,अजय गंझू,सुरेश उरांव,राजेश उरांव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह ने पक्षपाती करते हुए गांव के व्यक्ति की अध्यक्षता मे पहले ग्रामीणों से हस्ताक्षर करवाए। और बंद कमरे मे मनमानी तरीके से रविंद्र सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया। जिसका ग्रामीणों ने घोर विरोध करते हुए उपायुक्त से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की अध्यक्ष चुनाव के बैठक के पूर्व ही प्रधानाध्यापक द्वारा सभी सदस्य का नाम लिख दिया गया था। मात्र अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष का कॉलम खाली रखकर अपने मन पसंद से अध्यक्ष को चुनाव किया है। जबकि सर्वसम्मती से सहमति लेनी चाहिए। दिखावा करने और फोटो लेने के लिए ग्रामीणों को बुलाकर बंद कमरे मे अध्यक्ष का नाम चुनाव कर दिया गया। ग्रामीणों ने शिक्षा अधिकारी व उपायुक्त से इस चुनाव को रद्द करने व निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध मे प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह से बात किए जाने पर बताया कि जिनका बच्चा विद्यालय मे पढता है उसी को अध्यक्ष सचिव चयन किया जाता है। चुनाव नियमित किया गया है इस चुनाव से ग्रामीण असहमत है तो दुबारा तिथि निकाल कर चुनाव कराया जायेगा।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुरक्षाकर्मी की हत्या कर फरार कैदी हुआ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षाकर्मी हवलदार चौहान हेंब्रम की निर्मम हत्या के बाद फरार हुए सजायाफ्ता कैदी शाहिद अंसारी को आखिरकार पुलिस ने धर दबोचा है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टेक्निकल टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद बुधवार की सुबह दिल्ली से शाहिद अंसारी को गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी के लिए एसआईटी (विशेष जांच टीम) को लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। शाहिद अंसारी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में राहत की सांस ली गई है, वहीं पुलिस की तत्परता की सराहना भी की जा रही है। शाहिद अंसारी उम्रकैद की सजा काट रहा था, जिसे हाल ही में धनबाद जेल से हजारीबाग सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान शाहिद ने अस्पताल के सुरक्षा में तैनात हवलदार चौहान हेंब्रम की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी और फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीओ समेत अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और विस्तृत जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया था ताकि सभी सबूतों का संकलन किया जा सके। शाहिद अंसारी की फरारी के बाद हजारीबाग पुलिस पर भारी दबाव था। इसे देखते हुए एसपी अरविंद कुमार सिंह ने एक विशेष टीम का गठन किया जिसमें टेक्निकल और इंटेलिजेंस यूनिट्स को शामिल किया गया। शाहिद की तलाश में पुलिस ने कई राज्यों में छापेमारी की और अंततः दिल्ली से उसकी गिरफ्तारी संभव हो पाई। एसआईटी ने शाहिद को पकड़ने के लिए टेक्नोलॉजी और मानव संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग किया। शाहिद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई मुखबिरों की मदद भी ली। आखिरकार, बुधवार को शाहिद को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। शाहिद अंसारी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उसकी फरारी के दौरान की गतिविधियों और संभावित सहयोगियों की जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि शाहिद को फरार होने में स्थानीय और बाहरी दोनों सहयोग मिल



सकते हैं। पुलिस की टीम अब शाहिद से पूछताछ कर उसके सभी संपर्कों का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस के विरुद्ध मजदूरों का रोष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे डाक्टरों की हड़ताल से चरमराई स्थिति को देखते हुए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद अस्पताल पहुंचे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, कोलकाता की घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। उस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जिसके पश्चात हमारे डॉक्टर साथी भयाक्रांत और असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होनें आज हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कॉलेज प्रशासन से मिलकर अस्पताल में भर्ती मरीज़ों के विषय



में चर्चा किया और उनके बेहतर उपचार के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आग्रह किया। इस दौरान उन्होने इमरजेंसी ओपीडी सहित अन्य वार्डो का दौरा किया। प्रदीप प्रसाद नें डॉक्टरों से अपील करते हुए कहां की जो मरीज गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है उन्हें संवेदनशिलता के साथ इलाज करें। डॉ ईश्वर के दूसरे रूप हैं।अस्पताल की कई विषयों को लेकर सिविल सर्जन से मुलाकात किया व स्थिति से अवगत करवाया।

## मनीष जायसवाल न 1 करोड़ 57 लाख की लागत से डेढ़ किमी नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत मंडई खुर्द के ग्रामीणों का सड़क में नाली नहीं होने के कारण बरसात और अन्य समय में आवागमन दुभर था। इस समस्या को करीब से देखने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द ग्राम वासियों से वादा किया था की यहां व्यापक स्तर पर गुणवत्त नाली निर्माण का कार्य जल्द होगा। गुरूवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द पंहुचकर यहां कसियाडीह मोड़ पर भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात उन्होंने हजारीबाग जिले के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और स्थानीय मुखिया उषा देवी सहित अन्य लोगों संग मिलकर यहां डीएमएफटी मद की राशि करीब 01 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि से मंडईखूर्द ग्राम बड़कीखोरी मंडई में मनोज यादव के घर से न्यू पंचायत भवन मंडई होते हुए अंबेडकर चौक तक नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान यहां उन्होंने ग्रामीणों की अन्य समस्यों से भी रूबरू हुए। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की करीब डेढ़ किमी लम्बी दूरी के नाली का निर्माण यहां होगा। जिससे ग्रामीणों को आवागमन और परिवहन में बड़ी सहूलियत होगी। मंडई खुर्द क्षेत्र के राणा मोहल्ला, सुमन नगर, गौरी मोहल्ला, महतो मोहल्ला, कसियाडीह की जनता को सीधे लाभ मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने मंडई खुर्द ग्राम वासियों से गुणवत्त नाली निर्माण के लिए संवेदनशील रहने और स्टीमेट के अनुरुप संवेदक से गुणवत्त कार्य करवाने का अपील भी किया । मौके पर विशेषरूप भाजपा नेता विजय कुमार, अनिल पांडेय, महेश प्रसाद, राजकुमार महतो, रोहित कुशवाहा, लीलो महतो, यमुना यादव, शंकर दास, संजय यादव, रामचंद्र साव, दशरथ साव, युगल साव, हरदयाल साव, सीता राम साव नरेश साव, राजू राम,भोला महतो, विजय साव, महेश साव, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## जागृति महिला संघ के द्वारा एनटीपीसी के परियोजना प्रभावित मेधावी छात्रों को दिया गया स्कॉलरशिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजना की स्वयं सेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के मेधावी छात्रों को उत्कर्ष मेरिट स्कॉलरशिप दिया गया। ये बच्चे दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टॉपर हैं जिन्हें जागृति महिला संघ के द्वारा प्रोत्साहित करने के रूप में सहायता राशि दी गई है। बोर्ड एग्ज़ाम को बेहतर ढंग से पास करने के बाद अब इन बच्चों का सपना अच्छे कॉलेज और यूनिवर्सिटी में दाखिला का है जहाँ पर इन्हें आर्थिक सहयोग की ज़रूरत है ऐसे में जागृति महिला संघ द्वारा मुहैया करवाए गए इन पैसों से ये अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख पाएंगे और इन्हें अपना सपना साकार करने में सहायता मिलेगी। स्कॉलरशिप जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तज़ीन फैज़ एवं जनरल सेक्रेटरी साबर्नी चौधरी ने अपने



हाथों से बच्चों को सौंपा। स्कॉलरशिप मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दी सभी ने एक बार पुनः आत्मविश्वास के साथ यह दोहराया कि वे आगे भी इसी लगन और मेहनत से अपनी पढ़ाई को जारी रखेंगे और अपने माता पिता और समाज का नाम रोशन करेंगे। स्कॉलरशिप देने के पश्चात अध्यक्षा तज़ीन फैज़ ने कहा कि आप सभी बच्चे ऐसे ही मेहनत करते हैं हम हर संभव सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। ग़ौरतलब है कि इससे पहले भी जागृति महिला संघ द्वारा मेधावी छात्रों को स्वतंत्रता दिवस के मौक़े पर भी स्कॉलरशिप मुहैया करवाई गई थी। इस मौक़े पर महिला संघ की अध्यक्षा, वरिष्ठ सदस्यों के साथ आर एंड आर एवं सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक संजीत कुमार सेनापति भी मौजूद थे।

## समाजसेवी अब्दुल बासित ने एसडीपीआई का दामन थामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**हजारीबाग :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की एक राज्य स्तरीय बैठक पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एस.शंकर की अध्यक्षता में होटल एवीएन प्लाजा रांची में हुई । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इलियास थुम्बे एवं मोहम्मद अशरफ एवं विशिष्ट अतिथि बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी तहीदुल इस्लाम शामिल हुए। इस मौके पर एसडीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव इलियास थुम्बे के कर कमलो द्वारा अब्दुल बासित ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अब्दुल बासित ने पार्टी के नेतागण को आश्वस्त करते हुए कहा की पार्टी की नीति एवं सिद्धांत को संपूर्ण झारखंड में जन-जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे। पार्टी दलितों, आदिवासियों, मुसलमानो, ईसाइयों, दबे -कुचले एवं शोषित लोगों सहित सभी वर्गों की उन्नति और समान विकास, सामाजिक न्याय, भूख से आजादी, भय से आजादी, के लिए एक आंदोलन भी है बैठक में एसडीपीआई के झारखंड प्रदेश महासचिव शेख हनज़ला, हबीबुर रहमान, रूबी देवी, नील गुंजन, एवं पार्टी दर्जनों कार्यकर्ता नेतागण उपस्थित हुए।

## एक महीने से टूटी है, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की बाउन्ड्री, छात्राएं परेशान




**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय का एकमात्र सिर्फ बालिकाओ के लिए परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़,सरकार की मदद की आस में टकटकी लगाए है, परन्तु इस ओर जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के अधिकारियों की नजरें इनायत नही हो पाई। जर्जर पड़ी इमारते,चारदीवारी का टूटा होना अनेको समस्याएं मुँह बाएं खड़ी है।इस बात की जानकारी देते हुए परियोजना बालिका उच्च विधालय के प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि पिछले माह तेज बारिश की वजह से करीब 60 से 70 फिट चारदीवारी टूट गई। बगल में छात्राओं का शौचालय है, मनचलों का खतरा प्रायः बना रहता है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चारदीवारी का होना अतिआवश्यक है। पुरानी चारदीवारी छोटी है,जिससे कोई भी अवांछित तत्व बिना रोकटोक के दाखिल हो सकते है। वर्षो पुरानी विद्यालय भवन काफी जर्जर हो चुका जिसके हटने से विद्यालय के जगह में वृद्धि होगी जिसे विद्यालय के लिए अन्य कार्यो में उपयोग लाया जा सकता है।साथ ही कहा कि विष्णुगढ़ में जेएसएससी( सीजीएल) का विष्णुगढ़ में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए है,जिसमे एक परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भी शामिल है। परीक्षा आगामी माह 21,22 सितम्बर 2024 को की जानी है,ऐसे में चारदीवारी का टूटा होना एक बड़ी समस्या है। मेरी जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के वरीय अधिकारियों से विनम्र अपील है,इसको संज्ञान में लेते हुए विद्यालय के विकास के लिए कार्य किया जाय।

## एनटीपीसी सीबी ने निशुल्क हेल्थ कैंप का किया आयोजन



**केरेडारी :** एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा गुरुवार को चट्टी बरियातु पंचायत भवन मे निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया! इस कैंप मे फ्री डेंटल चेकअप और आँखों की जाँच ग्राम निवासियों को उपलब्ध करवाई गयी! एनटीपीसी परियोजना द्वारा आयोजित कैंप मे 182 लाभार्थियों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया! चट्टी बरियातू मुखिया झरी लाल महतो की उपस्थिति ने इस मुहीम को सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाई! यह निःशुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था! इस मुहीम मे हज़ारीबाग कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल और श्रीनिवास मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी सहयोग एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना को मिला! डॉक्टरों की टीम ने स्थानीय गाँव वालो की जाँच करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी स्वच्छता और स्वस्थ आदतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया! यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगो के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है।

## एनटीपीसी सीबी ने स्कूल बैग का किया वितरण



**केरेडारी :** गुरूवार को चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने 35 बच्चों को स्कूल बैग्स वितरण किए! यह आयोजन उत्क्रमिथ प्राथमिक विद्यालय, अगर टोला, जोरदाग में हुआ! यह कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था! जिससे स्थानीय बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलेगा। पिछले शुक्रवार को 631 स्कूल बैग्स परियोजना ने पगार हाई स्कूल मे दिया था! इस प्रयास ने न केवल बच्चों की पढ़ाई को सरल बनाया बल्कि उन्हें उनके भविष्य के लिए भी प्रेरित किया। इस तरह के सामाजिक पहल से स्थानीय समुदाय में एक सकारात्मक संदेश जाता है और शिक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती है! इस मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्तिथ होकर कार्यक्रम को सफल बनाया!

## बरही में अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत, पति और दो बच्चे घायल

- **करीब 4 घंटा सड़क रहा जाम, मुवावजा के आश्वासन बाद जाम हटाया गया**
- **रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने अपने बच्चों संग मायके आई थी महिला**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** थाना अंतर्गत पंचमाधाव के गड़लाही मोड़ के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक के टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत घटना स्थल पर हो गई। वहीं पति और उसके दो बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मृतक महिला की पहचान पदमा के महकोल गांव निवासी आदित्य कुमार ठाकुर की 24 वर्षीय पत्नी रानी देवी के रूप में हुई। महिला रानी देवी अपने मायके करियातपुर से ससुराल पदमा महकोल लौट रही थी। रानी देवी रक्षाबंधन पर अपने भाई को राखी बांधने अपने ससुराल महकोल से करियातपुर किशोर ठाकुर के घर आयी थी। गुरुवार को अपने पति और बच्चों के साथ ससुराल महकोल पदमा वापस लौट रही थी। जीटी रोड पर गड़लाही मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मुआवजा और कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर ग्रामीणों व परिजनों ने सड़क जाम कर दी। वहीं सड़क निर्माणकर्ता कंपनी और सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंचे। पीड़ित परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए हर संभव



मदद का आश्वासन दिया। सड़क निर्माता कंपनी की लापरवाही पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हुई है। आए दिन गड़लाही मोड़ के पास सड़क दुर्घटना होती रहती है। कंपनी के मैनेजर और मुंशी इतने लापरवाह हैं कि अपना मोबाइल स्विच ऑफ रखते हैं। सीओ रामनारायण खलखो और थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माता कंपनी से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। आश्वासन के बाद जाम हटा लिया गया। घटना स्थल पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही के मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, मुखिया मनोज कुमार, मनोहर यादव, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पंचमाधव मुखिया हरेंद्र गोप, राहुल प्रजापति, सकलदेव शर्मा, मंटू रजक, सिकंदर कुमार, नाथो ठाकुर, संजय रजक, नरेश ठाकुर, संतोष प्रजापति, बालेश्वर ठाकुर, सुभाष ठाकुर, सूरज कुमार, चमारी ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

**प्रभात मंत्र में छपी खबर का हुआ असर**

## किचन शेड निर्माण में अनियमितता को लेकर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के खैरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खैरा करमा परिसर में गुरुवार को डिएमफ्टी विभाग से 24 लाख राशि की लागत से बन रहे किचन शेड निर्माण मे अनियमितता को लेकर प्रभातमंत्र हिंदी दैनिक अखबार में 13 अगस्त 2024 को प्रकाशित खबर के बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए जांच अधिकारी उक्त स्थल पर किचन शेड के निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने आए तो ग्रामीणों द्वारा लगाए गए संवेदक पर आरोपों को सत्य पाया। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों में अरविंद केशरी, हेमन कुमार , राजेन्द्र रजक,शंकर वर्मा, भुनेश्वर पांडेय ,प्रेम प्रकाश,हरेंद्र प्रसाद,बालेश्वर महतो,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा समेत अन्य कई ग्रामीण,जनप्रतिनिधियों में टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी , खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी को आश्वासन दिया।कहा की जो पूर्व मे किचन सेड



निर्माण में अनियमितता बरती गई है उनमें सुधार किया जायेगा।

**जाने क्या कहते है जन प्रतिनिधि**

खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी ने जानकारी दिया की पंचायत क्षेत्र के दो गांव के विद्यालयो में डिएमएफटी द्वारा किचन शेड निर्माण योजना आया था। जिसमे एक तो सिमराढाव गांव के विद्यालय था जहां संवेदक द्वारा बेहतर तरीके से गुणवत्ता पूर्ण ईट, बालू,सीमेंट , छड़ का उपयोग किया गया। जहां कोई भी ग्रामीणों द्वारा शिकवा शिकायते सुनने देखने को नहीं मिला। लेकिन खैरा करमा उच्च विद्यालय परिसर में किचन शेड निर्माण में संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने की लगातार शिकायते ग्रामीणों द्वारा सुनने को मिला।

**टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा**

टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने कहा की क्षेत्र में डिएमएफटी विभाग से बनाई जाने वाली किचन शेड समेत अन्य योजनाओ की जानकारी मुझे संवेदक द्वारा नही दिया जाता है और निर्माण कार्यो को लीपा पोती कर किया जाता है । हम कभी भी अनिमियता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडलीय कार्यक्रम आज हजारीबाग में, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम 24अगस्त 2024 को प्रस्तावित है। हजारीबाग के नगवां स्थित सिंदूर मैदान परिसर में अपराह्न 12.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे।

इस कार्यक्रम के मद्देनजर आज उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर हर तैयारियों को निरीक्षण किया।

बता दें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सिंदूर मैदान परिसर में व्यापक तैयारी की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सभी तरह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही



पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों,सभी बीडीओ/सीओ तथा सभी सात जिलों (प्रमंडलीय जिला) के सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारियों के साथ जूम मीटिंग कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी में कोई कमी नहीं रहने दें। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की हर बहनों को खुशियों का उपहार के रूप में 12 हजार रुपए दिया जा रहा है। अर्थात, हर महीने एक हजार की सम्मान राशि दिया जाना है।

## बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से पूर्व विधायक मनोज यादव ने की मुलाकात, बेन्दगी के रामनगर में उपलब्ध कराया ट्रांसफॉर्मर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत बेंदगी रामनगर टोला के ग्रामीणों ने हाल ही में 100 केवीए के ट्रांसफार्मर के जल जाने की सूचना पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को दी। इस घटना से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी।



बिजली की समस्या के कारण गांव में दैनिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा रहा था, कि ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, पूर्व विधायक मनोज यादव ने तुरंत बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से संपर्क साधा और मिलकर उनसे बात की। उनकी सक्रियता और प्रयासों के परिणामस्वरूप, महज 24 घंटे के अंदर नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर गांव में उपलब्ध कराया गया। नए ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थिति में जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता ने किया द्य इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने इस त्वरित समाधान के लिए पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में फिर से बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ट्रांसफॉर्मर लग जाने से पूर्व विधायक के प्रति ग्रामीणों का विश्वास और बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह कदम उनके प्रति पूर्व विधायक की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि जनसेवा उनकी पहली प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी, अशोक यादव, युगल यादव, करसो उप मुखिया बालेश्वर यादव, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बेंदगी पंचायत उप मुखिया अशोक राणा, दसरथ यादव, अरुण कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मनोज साव, मुन्ना यादव, संजय राणा, अजित रवि दास, सुबोध केशरी, सहदेव यादव सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा के लिए आजसू पार्टी विधानसभा में कृत संकल्पित है : सांसद चंद्रप्रकाश



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के रजरप्पा स्टेडियम डीएवी खेल मैदान में युवा आजसू द्वारा आयोजित (अंतर पंचायत) प्रखंड स्तरतीय खेल-कूद प्रतियोगिता 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को भूचुनगडीह (ज़ोराकाठ) बनाम सेवई उत्तरी (एसके नगर)के बीच खेला गया।खेल के दरम्यान में 1-1 गोल से बराबरी रही उसके बाद प्लेंटी शूट आउट में भूचुनगडीह ने 5-4 से भूचुनगडीह ने जीत दर्ज की और फाइनल का खिताब अपने नाम किया। वही वॉलीबॉल में महिला टीम में माइल एवं मारांगमर्चा के बीच मारांगमर्चा( एपेक्स स्कूल ) 2-0 से जीत दर्ज की एवं वॉलीबॉल पुरुष टीम में सेवई उत्तरी रजरप्पा क्लब 1/ह्य माइल के बीच खेला गया जिसमें माइल की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की फुटबॉल मेन ऑफ द मैच-राजेश हांसदा मेन ऑफ द सीरीस-राकेश मुर्मू वॉलीबॉल महिला मेन ऑफ द मैच-खिलनती कुमारी मेन ऑफ द सीरीज-खिलनती कुमारी वॉलीबॉल पुरुष मेन ऑफ द मैच-नवीन मेन ऑफ द सीरीज-रणविजय प्रसाद इससे पहले मैच का उद्घाटन संयुक्त रूप से गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा की रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल और किक मारकर किया। मुख्य अतिथि सांसद चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों से आजसू पार्टी प्रतिभा की खोज करती है। चितरपुर वर्तमान समय में खेल के मामले में काफी आगे पहुंच चुकी है। आगे भी प्रयास जारी रहेगा। शत-प्रतिशत बिजली, ओडीएफ जिला घोषित हुआ है। वही विधायक सुनीता चौधरी ने कहा आजसू के प्रयास से शिक्षा में गोला में पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला इंजीनियरग कॉलेज, आइटीआइ कॉलेज का निर्माण किया गया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण (इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग) कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय प्रवर्तन/एजेंसियों विभागों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राज्य कर आयुक्त, सहायक आयुक्त उत्पाद, सहायक आयुक्त आयकर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों से कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र स्वच्छ व निष्पक्ष आयोजन में आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण होना है इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने-अपने विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह से समझे एवं किसी तरह की कोई भी दुविधा को त्वरित रूप से दूर करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 का आयोजन सुनिश्चित करने निर्वाचन संबंधित विभिन्न प्रकार के खर्चो, अनुमतियों, जांच अभियान आदि को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण करने के संबंध में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहीत अन्य उपस्थित थे।


**Information & Public Relations Department**
**Government of Jharkhand,**
Suchana Bhawan, Ranchi

**NOTICE OF CANCELLATION**

**Nature of Work:** Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Advertising Agencies for carrying out social media activities and fixation of rate for different kinds of advertisements on social media platforms having PR No- 331543.

Due to non qualification of minimum number of bidders the above mentioned tender having Tender ID: 2024_IPRD_89150_1, Tender Ref No: 1122,PR No.331543dated 02-08-2024 is hereby cancelled.

Sd/-
Director

PR.NO.333475 IPRD(24-25):D

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT no. 108/PR/JUSNL/2024-25 for Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 02 nos. 220 kV AIS bay and corresponding bus extension at 400/220/132 kV GSS Latehar and 220 kV D/C Link Line for connecting 220 kV D/C Latehar - Daltonganj Transmission Line at 400/220/132 kV GSS, Latehar on turnkey basis is hereby cancelled.

PR No. 330426

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 333417 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


# रजरप्पा कोलवाशरी गेट को किया जाम 6 घंटे बाद कामकाज हो गया सामान्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** लोकल सेल के कार्य को चालू करने के लिए प्रबंधन द्वारा बंद किये गए कॉंटा घर को शुरू कराने को लेकर असंगठित विस्थापित स्लरी लोडींग मजदूरों ने पहले से दिए गए सूचना के आधार पर गुरुवार को रजरप्पा कोलवाशरी के सभी उत्पादन कार्यो को ठप कर दिया गया। आक्रोशित मजदूरों ने सब स्टेशन से बिजली सप्लाई भी बन्द कर दिया। सैकड़ों मजदूरों ने कोल वॉशरी के मेन गेट को जाम कर दिया। जिसके कारण कोलवाशरी प्लांट के साथ खदानों में भी कोयला उत्पादन प्रभावित हो गया। इस बाबत संघ अध्यक्ष कयूम अंसारी व सचिव मधु साव ने कहा कि सीसीएल रजरप्पा कोल वाशरी में पिछले कई वर्षो से असंगठित विस्थापित स्लरी लोडींग मजदूर यहां कार्य करते आ रहे हैं। सभी मजदूरों का रोजी रोटी रोड सेल में चलने वाली गाड़ियों से ही होती है। लेकिन कॉंटा घर बंद होने के कारण मजदूरों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि हमारी मांगो को मानते हुए स्लरी एवं रिजेक्ट तथा आरओएम कोयला का ई-टेन्डर/लोकल सेल के बिक्री/ट्रक का लोड़ींग चालू कराने की व्यवस्था कि जाय। कहा कि 26 अगस्त को भी कॉंटा घर चालू नहीं कराया जाता है तो रजरप्पा क्षेत्र को दोबारा अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।

**मजदूरों ने सांसद के साथ वार्ता के बाद खत्म किया आंदोलन:-** असंगठित विस्थापित स्लरी लोडींग मजदूरों द्वारा किये गए सभी उत्पादन कार्यो को ठप करने बाद मजदूरों ने गिरिडीह सासंद चंद्रप्रकाश चौधरी को रजरप्पा प्रबंधन द्वारा कॉंटा घर बंद करने के खिलाफ शिकायत किया था। और प्रबंधन पर मजदूरों के शोषण का आरोप लगाया। जिसके बाद गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी गुरुवार को रजरप्पा वाशरी पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्लरी लोडिंग मजदूर विस्थापित मोर्चा से जुड़े मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि स्लरी मजदूरों के सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कहा कि मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नही किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यहां सैकड़ों मजदूर लोडिंग करके अपना जीवन का पालन पोषण करते है। इसके अलावे उन्होंने आंदोलन के समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपनी हक और अधिकार के लिए हमेशा मजदूरों को एकजुटता दिखानी होगी। मैनेजमेंट को अगर झुकाना है तो सभी मजदूर एकजूट रहे। कहा कि पिछले दिनों कॉंटा घर में हुई हेराफेरी के कारण कॉंटा बंद है। मजदूरों के साथ हमेशा हम खड़ा है। आप लोगों के साथ जो भी समस्या होती है उसका निवारण करने के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पहल पर प्रबंधन द्वारा सोमवार तक कॉंटा घर को शुरू कराने की बात कही गयी।

**प्रबंधन की ओर से मंगा गया तीन दिन का समयः-** रजरप्पा कोलवासरी के स्लरी मजदूर के द्वारा आहूत हड़ताल के संदर्भ में परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन की ओर से अधिकारियों ने मजदूर प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। जिसमे प्रबंधन पक्ष की ओर से वाशरी पीओ उमेश कुमार ने स्लरी मजदूर संघ से वास्तु स्थिति समझाते हुये उनसे आग्रह किया कि प्रबंधन को तीन दिनों का समय दिया जाये। ताकि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुये मुख्यालय स्तर पर इसका हल निकाला जा सके। वही रजरप्पा प्रबंधन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि रोड सेल 26 अगस्त यानी सोमवार से चालू कर दिया जाएगा। जबकि स्लरी मजदूर संघ की ओर से कहा गया कि उपरोक्त तिथि तक यदि इसका समाधान नहीं हुआ तो संगठन पुनः बंदी आंदोलन करेगा।

## खतरे के निशान तक पहुंचा पतरातु डैम का पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू(रामगढ़) :** जिला के पतरातू डैम के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश के कारण पतरातु डैम का जल स्तर खतरे के निशान तक पहुंचा। वहीं खतरे के निशान तक पहुंचाने के बाद डैम का एक फाटक को खोल कर जल निकासी किया जा रहा है । जानकारी देते हुए पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के अभियंताओं ने बताया कि पतरातू डैम की सुरक्षा के मद्देनजर गुरुवार को लगभग सात बजे दिन डैम के फाटक संख्या तीन को तीन इंच खोल कर जल निकासी किया जा रहा है। जबकि डैम का फाटक खोले जाने से पहले ही लोगों को अलर्ट किया गया है। साथ ही सूचना जारी कर लोगों से अपील की गई है कि कोई भी नलकारी नदी और दामोदर नदी के आसपास नहीं जाएं।

## डीएवी के राज्यस्तरीय गेम्स में डीएवी रजरप्पा के 452 खिलाड़ी लेंगे भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** डीएवी द्वारा 22 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़, जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो के लिए रवाना हुए। बच्चे खोड्ढखो, हैंडबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, कराटे आदि प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बताते चले कि डीएवी के खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सर्वप्रथम क्लस्टर लेवल से क्वालीफाई करते हैं। झारखंड प्रक्षेत्र डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ एस0के0 शर्मा ने सभी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों में भाग लेने के लिए रवाना किया। यह प्रतियोगिता 14, 17 और19 वर्ष बालकड्ढबालिकाओं के बीच होगी। विद्यालय प्राचार्य ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि हारड्ढजीत तो खेल के दो पहलू हैं लेकिन अनुशासित होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। खिलाड़ियों के साथ जाने वालों शिक्षकड्ढ शिक्षिकाओं में शिशिर पांजा, फरहत जहाँ,सावित्री कुमारी,अरनव मन्ना, मधुलता मिश्रा, डी मुखोपाध्याय, अंजनी पांडे निशु सिंह, रामाशंकर सिंह, सिल्की कुमारी, कौशल किशोर, और रामेंद्र कुमार है जो उनकी देखड्ढरेख तथा उनके मार्गदर्शन में रहेंगे। प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकड्ढशिक्षिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान सभी बच्चों का विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हमारे बच्चे क्लस्टर लेवल से बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड प्रक्षेत्रड्ढडी का परचम लहराएँगे। उन्होंने विद्यालय के खेल शिक्षक दीपांकर मुखोपाध्याय एवं मनीष कुमार सिंह की प्रशंसा की जिनकी मेहनत, मार्गदर्शन और अनुभव का परिणाम है कि डीएवी रजरप्पा के बच्चे बड़ी संख्या में राज्यस्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बच्चों को रवाना करते समय विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, ऑफिस स्टाफ एवं सभी अभिभावक उपस्थित थे।

## रजरप्पा क्षेत्र के सीसीएल की खदानों में हो रही चोरी को लेकर पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुचूगडीह रेलवे लाईन एंव सी0सी0एल0 के बंद खादानों तथा भारत माला परियोजना सड़क निर्माण कार्य में चोरो के द्वारा गैस कटर एंव अन्य सामग्रीयों से विजली पोल एवं ढलाई में प्रयुक्त होने वाले लोहे का प्लेट एवं लोहे के अन्य समानो को काट कर पिकअप में लोड कर चोरी लगातार की जा रही थी। इस संदर्भ में रजरप्पा थाना कांड संख्या 140/2024, दिनांक 20.08.2024, धारा 331 (4)/305 बी0एन0एस0 एवं 141/2024 दिनांक - 22.08.2024 धारा 303 (2)/317(2)/317(4)/3 (5) बी0एन0एस0 अंकित किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रामगढ के द्वारा कांड के उद्भेदन, घटना में शामिल अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापामारी कर दो प्राथमिकी अभियुक्त मनौवर आलम उम्र 26 वर्ष पिता स्व0 मो0 मुलताजिम अरगडा बुध बाजार रामगढ , सलमान अन्सारी उम्र 25 वर्ष पिता रुस्तम अंसारी सिकनी रजरप्पा रामगढ को गिरफ्तार कर उनके निशान देही पर एक बिना नम्बर के सफेद रंग का पिकअप वाहन जिस पर लदे लोहा, चोरी करने में प्रयुक्त गैस कटर, ऑक्सीजन सेलेण्डर, चेन कुपी इत्यादि समानों के साथ रेलवे के पटरी में लगने वाले आयरन स्लीपर 10 पीस (05 जोडा) एवं हाउस पाईप के साथ कटर सेट बरामद किया गया।इस छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी में परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ , नवीन प्रकाश पाण्डेय पु0नि0 , अखिलेश सिंह, पु0अ0नि , स0अ0नि0 अशोक कुमार सिंह , आ0-334 - फुलचन्द महतो , आ0-330 प्रेमचन्द यादव आदि उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अबुवा आवास योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीया विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद बैठक में उपस्थित रही। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुवा आवास योजना अंतर्गत ग्राम सभा से पारित एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा अनुशंसित चितरपुर प्रखंड 397, दुलमी 434, गोला 1946, मांडू 387, पतरातू 1192 एवं रामगढ़ 51 कुल 4407 आवेदनों की जानकारी जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को दी गई। मौके पर समिति के द्वारा आवेदनों की समीक्षा के क्रम में लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, अबुवा आवास योजना के तहत जिला स्तरीय समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पानी पाइप लाइन ठीक किए बगैर मैं कहीं नहीं जाऊंगी : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू रेलवे गेट से गुजरी पानी पाइप लाइन कई दिनों से खराब पड़ी है। जिससे कि सीसीएल क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र में पानी के लेकर हाहाकार मचा हुआ है।समस्याओं को देखते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने संज्ञान लिया और बनवाने के लिए विधायक अंबा प्रसाद गुरुवार को दोपहर लगभग 2:00 बजे अपने समर्थकों के साथ रेलवे गेट पहुंची और पाइपलाइन कहां से खराब है उसकी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सूचित कर बुलाया और बनवाने के लिए अड़ गई। उन्होंने बताया की एक महीना से अधिक समय हो गया है। यह पाइप फट गया है इसको ठीक करने की कोई कोशिश नहीं हो रही है पानी की आपूर्ति भी बंद कर दी गई है। मजबूरन मुझे मौके पर पहुंचना पड़ा विधायक अपने साथ पेयजल एवम स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय सिंह, जेई संतोष कुमार,सीसीएल के सिविल इंजीनियर रिक बराक आदि को साथ मौके पर पहुंची थी। उन्होंने कहा की आज जो भी हो जाय पाइप की मरम्मत किए बगैर हम कही नही जायेंगे,और न ही अभियंताओं को कही जाने देंगे। खबर लिखे जाने तक पाइप लाइन ठीक करने के लिए मशीनरीयों को व्यवस्था की जा रही थी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित साव,नईम अंसारी, बिनोद साव ,सलीम अंसारी,रामसेतु प्रसाद,आदि के साथ क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : टीआरडी-आरएनसी-24-25-06, दिनांक 21.08.2024,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल के तहत मुरी टीएसएस-2 अदद, बकसपुर टीएसएस-01 अदद और टाटीसिलवे टीएसएस-1 अदद पर 132 केवी/25 केवी, 21.6 एमबीए सिंगल फेज ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच)। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 44,73,536.70, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 89,500/-, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.09.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। **(PR-512)**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-23/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.09.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Outer Part and Campus Development of C-Type Quarter No.-01/24 to 12/24 at Sachiwalay Colony, Hinoo, Ranchi | 31,89,100.00 | 5000.00 | 64000.00 | Three Months |
| 2 | Renovation of Room No.-01 & 03 (Department of Transport at Ground Floor of F.F.P. Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,17,900.00 | 750.00 | 6500.00 | One Month |
| 3 | E/R to room No.-206 (office of the Director, Panchayati Raj Department) at 2nd Floor and bathroom of room No.-326 (Office of the Engineer in Chief, Rural Works Department) at 3rd Floor of FFP Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,50,000.00 | 500.00 | 5000.00 | One Month |
| 4 | Renovation of Out House & Boundary Wall of Chief Election Office at Sector-2, Dhurwa, Ranchi (Jharkhand) | 27,17,500.00 | 5000.00 | 54500.00 | Two Months |
| 5 | Renovation work of Vidhayak Club at MLA Residence (विधायक आवास परिसर) Dhurwa, Ranchi | 35,53,500.00 | 5000.00 | 72000.00 | Three Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR 333415 Building(24-25).D

**कार्यालय, जिला परिषद, राँची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर-DOPR/DE/Ranchi/ 12/2024-25**

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | खलारी थाना के सामने गुरूवार सप्ताहिक हाट में किसानों के लिए छः बाजार शेड का निर्माण तथा पानी की सुविधा के साथ शौचालय का निर्माण। | 98,41,200.00 | 1,97,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 02 | लपरा पंचायत के ग्राम नवाडीह में अगरवा के प्रथमिक विद्यालय अगरवा से बस्ती तक 5914 फीट. पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 1,17,38,100.00 | 2,35,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 03 | बाघमरी मुख्य पथ से बालेश्वर टानाभगत के घर तक लगभग 1 कि0.मी0. पी0.सी0. सी0. पथ निर्माण। | 57,77,000.00 | 1,16,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 04 | दुल्ली मुख्य पथ छोटका गेट से विरेन्द्र मुण्डा के घर होते हुए शमशान घाट तक पुलिया निर्माण। सहित 5000 फीट पी0. सी0 सी0 पथ निर्माण। | 1,11,52,600.00 | 2,24,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 05 | पंचायत तुमांग एवं विश्रामपुर में विद्या मंदिर स्कूल से लेकर खिलानाधौड़ा फिश केज कल्चर तक 3000 फीट पथ निर्माण। | 65,15,200.00 | 1,30,500.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 06 | तुमांग में धमधमिया शिव मंदिर से दामोदर नदी छठ घाट तक 4840 फीट. पथ निर्माण। | 85,19,900.00 | 1,70,500.00 | 10,000.00 | 6 माह |
| 07 | हुटाप में जोराकाट ग्राम में महावीर मुण्डा के घर से चरका मुण्डा के घर से जोराकाठ स्कूल होते हुए मुख्य पथ तक 6700 फीट. पी0.सी0.सी0. पथ का निर्माण। | 1,17,81,500.00 | 2,36,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |

नोट :-केवल ई-टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि-31.08.2024
3. ई-निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय-02.09.2024 से 06.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि-09.09.2024 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता-जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची।
ई-निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0- 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्धति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची झारखण्ड रॉंची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची

PR 333427 (Panchayati Raj)24-25*D

# प्रिंस खान गैंग के औरंगजेब की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तेनुघाट उपकारा में बंद धनबाद के वासेपुर का रहने वाला एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कैदी को गुरुवार सुबह 6 बजे अनुमंडल अस्पताल तेनुघाट में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था। कैदी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया लेकिन सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि धनबाद वासेपुर का रहने वाला कैदी 30 वर्षीय मो औरंगजेब को लगभग साढ़े 9 बजे सदर अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुमंडल अस्पताल तेनुघाट से भेजे गए कागजात के मुताबिक उसे सुबह लगभग 6 बजे बेहोशी की हालत में अस्पताल में लाया गया था जो पिछले 6 घंटे से बेहोश था। वहीं मृतक के परिजनो ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है की कई दिनो से जेलर औरंगजेब को प्रताड़ित कर रहा था। अब पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर कैदी की मौत किस वजह से हुई है।

# पुलिसकर्मी बता कर युवती से की छेड़खानी आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के पुटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ मोड़ के समीप गुरुवार को स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जिसके बाद आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार-गुरुवार की देर रात एक युवती कोलकाता से पढ़ाई कर वापस धनबाद आ रही थी।

तभी केंदुआ मोड़ के समीप एक युवक ने लड़की को घर छोड़ने की बात कह जबरन रोक लिया। युवती ने जब जाने से मना किया तो उक्त युवक ने अपने आप को पुलिसकर्मी बता कर लड़की के साथ अभद्र व्यवहार किया और मोबाइल, चैन समेत कई चीज छीन कर फरार हो गया। जिसके बाद युवती ने मामले की जानकारी गुरुवार को परिजनों को दी । जिसके बाद परिजन ने आक्रोश व्याप्त कर केंदुआ मोड़ को जाम कर दिया और युवक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर धनबाद विधायक राज सिन्हा मौके पर पहुंचे और लोगों के साथ वार्तालाप किया। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि ऐसे युवकों को जल्द से जल्द पुलिस पकड़े और कानूनी सजा दे।

जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कोलकाता जैसी दरिंदगी धनबाद में युवक करने की सोच रहा है। ऐसे में पुलिस युवक को गिरफ्तार कर जनता के हवाले सौंप दे। जबकि मामले की सूचना मिलने पर पुटकी पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है। बताते चले की पिछले दिनों कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

# कोलकाता में हुए बलात्कार कांड के विरोध में नुक्कड़ नाटक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सांस्कृतिक संस्था आईना के द्वारा कोलकाता में हुए बलात्कार कांड के लिए विरोध दर्ज करते हुए गुरुवार को एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन गिरिडीह के अंबेडकर चौक पर किया गया।वही इस प्रदर्शन के माध्यम से यह बताया गया की स्त्रियां कमजोर नहीं होती है वह ठान ले तो दुर्गा का रूप ले सकती है। आज जरूरत है हमें अपने बेटियों को नचाने की नहीं बल्कि बेटियों को युद्ध कौशल सीखने की, उसका आत्मविश्वास बढ़ाने का।वही मौके पर नुक्कड़ नाटक में मुख्य भूमिका में प्रगति वर्मा, आदित्य अमन,सृष्टि सिंह, तरुण राज सिंह, अंशु गोसाई, ऋषि राज चौधरी तथा आकाश लाल थे। इस मंचन की परिकल्पना संयुक्ता कुमारी का था जिसने सभी कलाकारों का मेकअप और क्राफ्ट किया।

# डेकोरेटर संघ महुदा शाखा के अध्यक्ष बने डब्लू महतो




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला विद्युत साउंड एंड डीजे डेकोरेटर संघ का महुदा शाखा द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन सह चुनाव संपन्न किया गया । जिसमें केंद्रीय चुनाव पदाधिकारी महादेव मंडल टिंकू वर्मा अमित अग्रवाल शिवकुमार बनर्जी अरविंद कुमार की देखरेख में महुदा शाखा के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष पद का चुनाव कराया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर डब्लू प्रसाद महतो सचिव पद पर श्याम सुंदर महतो एवं कोषाध्यक्ष पद पर सागर कर्मकार को निर्विरोध जीत हासिल हुआ शाखा के तमाम साथियों ने पूर्ण सहमति के साथ इनको पदाधिकारी चुनने का काम किया उक्त कार्यक्रम में पूर्व शाखा अध्यक्ष गेंदु लाल महतो विनोद कुमार महतो रूपदेव रवानी छत्रुटांड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक एवं पंचायत समिति सदस्य गोपाल महतो दिनेश कुमार गुप्ता विनोद रजक बैजनाथ महतो सुबल संतोष मोहन राजकुमार बबलू टेकलाल महतो खुर्शीद कतरास शाखा से मंतोष कुमार सचिन सिन्हा डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदंबा लाल महतो करामत अली गफ्फार शेख आलम अंसारी तेलमोचो शाखा अध्यक्ष नारायण महतो गुलाम शेख माथुर महतो केंदुआ पुटकी गोधर शाखा से बंटी विश्वकर्मा संजय रवानी तथा जितेंद्र तुरी गुड्डु रवानी टिंकू रवानी गोऊर पप्पू गौतम जियाउल भाई आदि लोग उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों से भरी एक टाटा मैजिक वाहन पलटी

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के नगर थाना क्षेत्र के कोलडीहा स्थित पेट्रोल पम्प के पास स्कूली बच्चों से भरी एक टाटा मैजिक वाहन सड़क से निचे जाकर पलट गयी। यह वाहन किरण पब्लिक स्कुल की बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना में सभी बच्चों को आंशिक चोटें आई। तुरंत ही स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी बच्चों को वाहन से निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां से सभी बच्चों को इलाज के बाद उनके घर भेज दिया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।घटना में एक बच्चा राजवीर मंडल पांच वर्षीय के नाक के पास गंभीर चोट आयी है। बाकी बच्चों को हल्की चोट आयी है।

# मोटर यान निरीक्षक ने सरिया में चलाया वाहन चेकिंग अभियान, कई वाहन पकड़े गए




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** मोटर यान निरीक्षक गिरिडीह द्वारा बुधवार की देर शाम सरिया थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस अभियान में सरिया पुलिस की सहायता से छोटी बड़ी कई गाड़ियों की जांच की गई.इस दौरान कई वाहनों के पर्याप्त कागज के अभाव में उसे जब्त कर सरिया थाना में रखा गया है. इस संबंध में एसडीपीओ सरिया धनंजय कुमार राम ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एम वी आई गिरिडीह के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है.जो एक सप्ताह तक चलेगा. बताया जाता है कि इन दिनों बिना लाइसेंस के गिरिडीह जिले के विभिन्न मार्गों पर गाड़ियां रंग रही हैं. जिससे सरकार को राजस्व के नुकसान के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं. इन सब पर रोक के लिए अधिकारियों के आदेश के आलोच्य में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में किशुन मरांडी की रही अहम भूमिका : कल्पना सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने गिरिडीह पहुंची. वही इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया. कल्पना सोरेन कुछ समय निकाल कर लोगों से एक-एक कर मुलाकात की और उनके परेशानियों से रूबरू हुई. वहीं पत्रकारों से बातचीत के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ने और नई पार्टी बनाने के सवाल पर कल्पना सोरेन ने कहा कि चम्पाई सोरेन जेएमएम में काफी वरीय नेता रहे हैं. लिहाजा, उनके किसी फैसले पर उनकी टिप्पणी सिर्फ इसलिए उचित नहीं, क्योंकि वो राजनीतिक में अभी नई आई है.

कल्पना सोरेन ने चम्पाई सोरेन के मुद्दे पर बड़े बेबाकी के से बात कही, कहा कि झामुमो एक दल है वो और उनके जैसे कई कार्यकर्ता हैं. जो पार्टी सींचने का काम करते है. गांडेय में अधूरे पड़े विकास कार्यो को लेकर कल्पना सोरेन ने कहा कि उन्हें अब गांडेय को लेकर बोलने की जरूरत नहीं. बल्कि, अब तो काम दिखने वाला है. उनका लगातार गांडेय का दौरा चल रहा है.

**किशुन मरांडी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित :-**

विधायक कल्पना सोरेन तारातांड़ गांव पहुंची जहां उन्होंने जेएमएम कार्यकर्ता किशुन मरांडी की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर उन्हे श्रद्धांजिल दी. इसके बाद वो बेंगाबाद के बिशनी शरण गांव में हवलदाल चौहन हेंब्रम के घर पहुंचकर उनके पीड़ित परिजनों से मुलाकात की. इस दौरान उनके साथ सदर विधायक सोनू, जेएमएम नेता संजय सिंह, अभय सिंह, रॉकी सिंह, राकेश रंजन, टुन्ना सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

**महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में किशुन मरांडी की रही अहम भूमिका :-** एकीकृत बिहार में महाजनी प्रथा व सूदखोरी के खिलाफ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ किशुन मरांडी आंदोलन को गति दे रहे थे. आंदोलन का स्वरूप देख जमींदारों व सूदखोरों की नींद हराम हो गयी थी. इसी बीच अलग झारखंड का आंदोलन शुरू हुआ. इसमें गुरुजी के साथ वे कदम से कदम किशुन मरांडी चले. इस बीच वह कई बार जेल भी गये. 22 अगस्त 1995 को एक साजिश की तहत उनकी हत्या कर दी गयी।

# सहायक अध्यापकों ने भुनेश्वर सिंह की 16 वीं शहादत दिवस मनाई



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर बीआरसी प्रांगण में गुरुवार को शहीद मुनेश्वर सिंह की 16वीं शहादत दिवस मनायी गई। उपस्थित सभी सहायक अध्यापक/ अध्यापिका ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दीए। वहीं मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष नारायण महतो ने कहा कि जिस प्रकार आजादी की लड़ाई में देश के सपूतों ने अपनी कुर्बानी दी उसी प्रकार तमाम पारा शिक्षकों के उज्जवल भविष्य एवं सम्मान व अधिकार के लिए साथी भुनेश्वर सिंह ने भी अपनी कुर्बानी दी है। उस कुर्बानी को राज्य के सभी पारा शिक्षक भी कभी बेकार नहीं जाने देंगे। राज्य के सभी सरकारों ने अभी तक हम शिक्षकों को अभी तक छलने का काम किया है जिस आशा उम्मीद के साथ 2019 में झारखंड माटी पुत्र हेमंत सोरेन को हम सभी शिक्षकों ने उन्हें सिंहासन पर बैठाने के लिए हर संभव प्रयास किया था लेकिन राज्य सरकार अभी तक हमारी मांगों पर उचित फैसला नहीं दिया है अब वक्त चुनाव का आ गया है ऐसे में सरकार हमारी बातों को नजर अंदाज करती है तो हम भी उन्हें चुनाव में अपनी ताकत दिखाने का प्रयास करेंगे। वहीं मौके पर बगोदर प्रखंड अध्यक्ष सुधीर प्रसाद देवेन्द्र कुमार, महेंद्र प्रसाद,मोहन महतो,रूबी देवी,हेमंती देवी, कुलदीप यादव, गिरधारी ठाकुर, बैजनाथ महतो श्याम लाल यादव भुनेश्वर महतो, उमेश प्र शर्मा, महेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# गणेश मेला लगने से पहले गहराया विवाद, पवन कुमार प्रजापति ने आत्मदाह करने की दी धमकी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डिगवाडीह गणेश मेला लगने से पहले विवाद गहराता जा रहा है। पवन कुमार प्रजापति ने डिगवाडीह गणेश मैदान के सामने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा की 2023 से लेकर 2031 तक विनोद मरांडी स्वर्ग लखु मांझी ने पवन कुमार प्रजापति को 1 एकड़ 86 डीसमिल भूमि पर 9 वर्ष के लिए गणेश मैदान में मेला लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया था लेकिन डॉक्टर मनोज कुमार ठाकुर, दिनेश यादव, राकेश गोस्वामी अपनी दबंगता दिखा कर जबरन मेला लगा रहा है। जिसकी शिकायत जोड़ापोखर थाना, वरीय पुलिस अधीक्षक से लेकर सांसद धुल्लू महतो तक किया हूँ। पवन कुमार प्रजापति ने कहा की अगर हमे न्याय नहीं मिला तो मै गणेश पूजा मैदान के सामने आत्मदाह कर लूँगा जिसकी जवाबदेही जोरापोखर प्रशाशन की होगी। आगे उन्होने कहा की 9 वर्ष के लिए ज़मीन की अनापत्ति प्रमाण पत्र मेरे पास मोजूद है जिसके एवज़ में मैने पांच लाख रूपया भुगतान किया है। कोई कैसे ज़मीन पर मेला लगा सकता है। लोगो का कहना है अब तक नही बना प्रभु गणेश की मंदिर। प्रत्येक वर्ष पूजा मेला के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट किया जाता है। मेला समाप्त होने के बाद कोई हिसाब किताब नहीं होता जिसको लेकर लोगो में भी आक्रोश है। लोगो का कहना है की प्रभु गणेश की मंदिर इस बार नहीं बना तो हमलोग इसका ज़ोरदार विरोध करेंगे।

# महाप्रबंधक ने की आटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेषन सिस्टम की लांचिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज मुख्यालय हाजीपुर के सभाकक्ष में ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेषन सिस्टम (एपीआईएस) की लांचिंग की गयी। इस सिस्टम द्वारा स्टेषनों पर ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध करायी जा सकेगी जो यात्रियों के लिए काफी लाभदायक होगा। प्रारंभिक चरण में पूर्व मध्य रेल के छोटे-बड़े लगभग 500 स्टेषनों को बहुत ही कम लागत पर ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेषन सिस्टम से लैस किया जाएगा। इसके तहत् सीम कार्ड के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्टेषनों पर स्क्रीन लगाया जाएगा जो क्रिस के सर्वर से रेल परिचालन से संबंधित संपूर्ण डाटा प्राप्त करेगा। इसके चालू हो जाने के बाद चार घंटे पूर्व से ही ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी समस्त अद्यतन सूचनाएं स्क्रीन पर निरंतर स्वतः प्रदर्षित होती रहेंगी । इनमें ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय, रनिंग स्टेटस के साथ-साथ कौन सी ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी ये सभी सूचनाएं यात्री प्लेटफार्म पर लगे स्क्रीन पर देख पाएंगे। अगर किसी तकनीकी कारणवष प्लेटफार्म में किसी प्रकार का बदलाव किया जाता है तो इसकी भी सूचना प्रदान की जाएगी । इसके द्वारा इंजन के बाद ट्रेन के कोच का क्रम भी देखा जा सकता है इससे यात्रियों को अपने-अपने कोच का सही क्रम पता लग पाएगा जिससे ट्रेन में चढ़ने में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

# जिला चैंबर का चुनाव सम्पन्न, चेतन अध्यक्ष, अजय नारायण महासचिव व श्याम नारायण कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला चैंबर का चुनाव सम्पन्न हो गया। पुरानी कमिटी ही एक बार पुनः जीतकर आई। चुनाव पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने बताया की अध्यक्ष पद पर चेतन प्रकाश गोयनका, महासचिव के पद पर अजय नारायण लाल और कोषाध्यक्ष पद पर श्याम नारायण गुप्ता निर्वाचित हुए। चेतन प्रकाश गोयंका को कुल 121 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंन्दी राजीव शर्मा को 87 मत मिले। महासचिव पद पर अजय नारायण लाल को 115 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंन्दी राजेश गुप्ता को 93 मत ही प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर श्याम नारायण गुप्ता को 117 मत, संजीव कुमार चौरसिया को 58 और प्रेम प्रकाश गंगेसरिया को 32 मत प्राप्त हुए। मतदान सौ प्रतिशत रहा। सभी 208 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। जीतकर आये सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सदस्यों ने माला पहनाकर बधाई दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव ने इस जीत के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया है।

# हरेंद्र सिंह ने पुटकी में किया स्वास्थ्य शिविर व विशेष जनसभा का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद प्रखण्ड के परसिया (पुटकी), पांडरकलानी दक्षिण पंचायत के सचिवालय में असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह के द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मुखिया चमेली देवी एवं मुखिया पति हिरालाल रजक के सहयोग से किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य धनबाद के लिए 2029 का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना था। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह के द्वारा परसिया ग्राम के ग्रामवासियों से जानकारी इकट्ठा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर एवं जनसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जहां उन्हें मुफ्त चिकित्सा परामर्श, दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। लोगों ने अपनी कई समस्याएँ हरेन्द्र सिंह को बताई और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। इस बाबत असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होने कहा की धनबाद की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। अंत मे हरेन्द्र सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

# अवैध बालू लदे 3 टाटा 407 जब्त, एफआइआर दर्ज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने गुरुवार की सुबह 05ः30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक की अगुवाई में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, विजय करमाली, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में धनबाद थाना अन्तर्गत पार्क मार्केट, स्वामी विवेकानन्द चौक के पास 3 टाटा 407 वाहन, जिस पर बालू लदा हुआ था, को रोकने का ईशारा किया गया। जांच दल को देखते ही वाहनों के चालक मौके का फायदा उठाकर वाहनों को छोड़कर फरार हो गये। जब्त टाटा 407 संख्या बीआर 17 जी 2717 तथा एक अन्य टाटा 407 (जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर मिटा दिया गया है) पर लगभग 100 - 100 घनफीट अवैध बालू और टाटा 407 संख्या जेएच 10 यू 4226 पर लगभग 40 घनफीट अवैध बालू लदा हुआ मिला। तीनों वाहनों को जब्त कर धनबाद थाना को सुपुर्द करते हुए एफआईआर दर्ज की गई।

# कोलकाता रेप व हत्या कांड के विरोध में रेलवे इंजीनियर्स आगे आए




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंजीनीयर्स एसोसिएशन के तत्वाधन में रेलवे इंजीनीयरों ने मण्डल रेल प्रबन्धक धनबाद कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए।

पिछले दिनों कोलकाता के आर. जी. हॉस्पिटल में डाक्टर के साथ हुए बलात्कार एवं जघन्य हत्याकांड के विरोध में छुब्ध रेलवे इंजीनियरों ने अपना आक्रोश प्रदर्शित किया और डाक्टर्स के समर्थन में अपने संकल्प को व्यक्त किया।

इस जघन्य घटना के संबंध में भारत सरकार से जल्द ही न्याय की आशा भी जताई। विरोध जताने वालों में एस. के. दुबे, आर. के. सिंह, डी. के. सिंह, सारिका कुमारी, रेखा कुमारी, सुमेश कुमार, ए. एन. साह, विनय कुमार, सोनू कुमार, आर. के. महतो आदि शामिल थे।

# कुडू में एटीएस की बड़ी कार्रवाई, गुरुवार तड़के कौवाखाब गांव में की छापेमारी

## दो हथियार सहित कई सन्दिग्ध समान बरामद की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू थाना क्षेत्र के कौवाखाब गांव में गुरुवार तड़के एटीएस की धमक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। सुबह करीब 6 बजे कौवाखाब गांव पहुंची एटीएस के सब इंस्पेक्टर विशाल पांडेय के नेतृत्व में एटीएस एवं आईबी की संयुक्त टीम ने गांव निवासी इलताफ अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी के दो स्थानों पर बने घर को चारों तरफ से घेर लिया। और करीब पांच घंटे तक चली छापेमारी में दो हथियार और कई संदिग्ध दस्तावेज़ बरामद होने की सूचना है। वहीं आरोपी इलताफ अंसारी घर पर नही मिला। हालांकि एटीएस द्वारा किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से संबंध के आधार पर एक साथ रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़ और गिरिडीह में छापेमारी की गई है। इलताफ अंसारी के भी तार आतंकी संगठन से जुड़े होने की सूचना मिल रही है।

**पत्नी के अलावा दो बेटियों का पिता है इलताफ**

इलताफ अंसारी गांव में ही अपने पुराने घर मे अपनी पत्नी और दो बच्चियों। के साथ रहता है। जबकि पिता और भाई नए घर मे दूसरे स्थान पर रहते हैं। इलताफ अंसारी के पिता मुस्लिम अंसारी और छोटे भाई से बात करने पर उनलोगों ने बताया कि इलताफ गांव में खेती बाड़ी करता है और मछली पकडने का काम करता है। इसके अलावा उन्हें उसके किसी और काम की किसी प्रकार की कोई जानकारी नही है।

**इलताफ पर पहले नही है कोई भी मामला दर्ज**

इलताफ अंसारी इससे पूर्व किसी भी मामले में आरोपी नही रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस उसके बीते एक दशक के रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है।

**दुर्घटना में गर्दन को हड्डी टूटने के बाद उसके गर्दन में लगा है रॉड**

ग्रामीणों ने बताया कि बीते चार वर्ष पहले एक दुर्घटना में उसके गर्दन की हड्ड़ी टूट गयी थी जिसके बाद उसकी गर्दन में रॉड लगा हुआ है जिससे उसकी गर्दन ज़्यादा घूम नही पाती है। और वो ज़्यादा कहीं आना जाना भी नही करता है।

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में निरीक्षण कार्य संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लोहरदगा में विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार के गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय का निरीक्षण कार्य संपन्न हुआ। विद्यालय निरीक्षण का कार्य चार सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया इस टीम में गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी एवं महाविद्यालय के भौतिकी के आचार्या रिद्धि मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ। विद्यालय का निरीक्षण भैया बहन के आगमन, शून्य कालांश एवं वंदना सभा से प्रारंभ हुआ। विद्यालय में संचालित कक्षाओं एवं गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्यो के साथ बैठक लेते हुए विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्या भारती के कार्य योजना के अनुसार विद्यालय का निरीक्षण किया जाता है। विभाग निरीक्षक ने कहा कि संगठित एवं मनोयोग से किए गए कार्य एक बेहतर परिणाम देता है। विद्यालय के विकास व प्रगति की समीक्षा करने और इसमें गुणवता पूर्ण सुधार लाने के लिए समय समय पर निरीक्षण कार्य होते रहता है। मौके पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें। शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुई।

# उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज आपूर्ति विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्नव वितरण, चना दाल का वितरण, एनएफएसए अंतर्गत राज्य में लोहरदगा जिला में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्रखण्डों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, हरा राशन कार्ड अंतर्गत वितरण किये गये खाद्यान्न की स्थिति, पीवीटीजी डाकिया योजना से संबंधित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की स्थिति, धोती-लुंगी-साड़ी वितरण की स्थिति समेत अन्य की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा खाद्यान्न का 100 प्रतिशत वितरण, पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत छुटे हुए लाभुकों के बीच 100 प्रतिशत वितरण का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया तथा क्षेत्र में जहाँ नेटवर्क की दिक्कत हो रही नेटवर्क की सुविधा को ठीक करने के लिए भी कहा गया जिससे लाभुकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। धोती-लुंगी-साड़ी का वितरण भी 100 प्रतिशत कराए जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# आपकी खून की कुछ बूंदे किसी के लिए खुशियों का सागर बन सकती है : मोहसीन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के रामपुर गांव की मरीज रबीना खातून को रात 11 बजे ऑपरेशन के दौरान एक यूनिट पॉजिटिव खून की जरूरत थी और ब्लड व्यवस्था नहीं होने के कारण उनके पति राबानी अंसारी ने कांग्रेस के युवा नेता मोहसिन अंसारी से सम्पर्क किया मोहसीन अंसारी ने उनकी परेशानी सुन कर पहल करते हुवे 11 बजे रात में पहुचे लोहरदगा ब्लड बैंक लोहरदगा ब्लड बैंक पहुंच कर ब्लड बैंक के इंचार्ज उमेश जी से बात की फिर मोहसिन अंसारी ने अल्ताफ अंसारी से सम्पर्क किया फिर अल्ताफ ने सदर अस्पताल पहुंच रबीना खातून को एक यूनिट खून देकर जान बचाई गयी। इस बिच कॉग्रेस के युवा नेता मोहसीन अंसारी कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से इलाके के लोगों से अपील करता हुं की आप लोग भी रक्तदान कर गरीबों की मदद करें खून देने से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। जरूरतमंद लोगों को खून देना सौभाग्य की बात है। मौके पर अफसर अंसारी, जुनेद अंसारी, आसिफ कुरैशी, शाबाज़ अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# मंत्री पुत्र रोहित उरांव ने हाजी मो. अफसर कुरैशी को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव ने गुरुवार को मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी के न्यू रोड स्तिथ आवास पर मिलकर, मंत्री प्रतिनिधि बनाये जाने पर बधाई देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की है। वहीं नगर के युवा जफर इमाम, इरशाद आलम, मो.दानिश, रबिल खान, काजू कुरैशी द्वारा मंत्री पुत्र को शाल ओढ़ा कर व बुके देकर सम्मानित किया है। बताते चले कि लोहरदगा निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हाजी मो. अफसर कुरैशी को मंत्री द्वारा प्रतिनिधि मनोनित किये जाने पर लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रोहित उरांव ने उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी है। मौके पर रोहित उरांव ने कहा है कि मंत्री जी की सोच है कि कांग्रेस सबकी पार्टी है इसमें सबका प्रतिनिधित्व होना चाहिए, देर से ही सही एक स्वस्थ्य परंपरा की शुरुवात हुई है, सबों को इसका स्वागत करना चाहिए। मंत्री जी की सोच रही है कि कांग्रेस पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए पार्टी को और मजबूत किया जाए। कांग्रेस सभी जाति- धर्म की पार्टी है,जो भी मंत्री प्रतिनिधि पर सवाल उठा रहे हैं ये उनकी अपनी-अपनी सोच है। मंत्री जी का एकमात्र सोच कांग्रेस को मजबूत करना है। वहीं मंत्री प्रतिनिधि हाजी अफसर कुरैशी ने कहा की हम मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं की उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को प्रतिनिधि नियुक्त कर अल्पसंख्यकों का सम्मान किया है। कांग्रेस पार्टी सभी धर्म-समुदाय की पार्टी है। मौके पर निशीथ जयसवाल, जमैतुल कुरैश के अध्यक्ष नेहाल कुरैशी, सचिव अफरोज कुरैशी, जमील अंसारी, हाजी शमशेर कुरैशी, इरशाद आलम, रबिल खान, काजू कुरैशी, जफर इमाम, रिंकू कुरैशी, मो.दानिश, रौनक इकबाल, टिंकू कुरैशी, असरफ अंसारी, मो.साजिद, तनवीर अंसारी, जफर आलम समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# एक पेड़ अपने मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पौधा लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड परिसर स्थित प्रांगण में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अभियान का शुभारंभ प्रमुख फूलझरी देवी बीडीओ संग्राम मुर्मू सीओ राकेश कुमार तिवारी समाज कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा संयुक्त रुप से पौधारोपण कर प्रारम्भ किया गया। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान में प्रखंड और अंचल कर्मियों द्वारा कटहल, सागवान, गुलमोहर, पीपल सहित अन्य फलदार व छायादार पेड़ लगाया गया। पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर संदेश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में आगे आये साथ ग्रामीण जनता से अपील करते हुए कहा कि गांव में भी सभी लोग अपने मां के नाम एक पौधा जरूर लगाये। पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को काफी लाभ मिलेगा। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि प्रखंड परिसर में 40 छायादार फलदार पौधा लगाया गया है जिसे सुरक्षित रखा जायेगा। इसका बचाव करने से हमारे आने वाली पीढियां को बेहतर जिंदगी देने के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। इस अभियान के तहत सभी लोग एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, पर्यवेक्षिका अंगनी बेक, प्रमेंद्र कुमार, राहुल कुमार तिवारी, त्रिवेणी भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# जय श्रीराम समिति के चुनाव में सुनील अग्रवाल के पर्ची खरीदने से जबरदस्त टक्कर होने की उम्मीद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति जिला चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए सुनील अग्रवाल ने पेपर खरीद कर अपनी मजबूत दावेदारी पेस की। ज्ञात हो की रमेश राय उर्फ गुड्डू ने भी पर्चा खरीद अपनी दावेदारी पेश की थी अब सुनील अग्रवाल के मैदान में आ जाने से मुकाबला जबरदस्त होने वाली है। अभी तक अध्यक्ष पद के लिए दो महामंत्री के लिए एक और कोषाध्यक्ष के लिए एक पर्ची की बिक्री हुई है 22 सितंबर को होने वाली चुनाव कई मायनो में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। समिति के इस चुनाव को लेकर सारा शहर जिज्ञासों से भरा है। कई लोगों की पर्ची लेने की प्रबल संभावना है। सुनील अग्रवाल ने कहा मेरे रग रग में मेरे तन मन में भक्ति भाव कूट-कूट कर भरी है सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। समिति के उच्च पद पर आकर मैं समाज धर्म संस्कृति की सेवा एवं रक्षा कर सकु ऐसा मेरा लक्ष्य है।

# बीडीओ ने पौधारोपण कर अभियान का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वीडिओ प्रतिमा कुमारी अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण अभियान में प्रखंड अंचल कर्मियों द्वारा पांच आम अमरूद व इलायची का पौधा रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर संदेश दिया गया मौके पर वीडिओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी को अपने जिमेदारी को बखूबी समझने की आवश्यकता है सभी ग्रामीण अपने-अपने गांव खेत में अपने मां के नाम से पौधा जरूर लगाए इससे तेजी से प्रदूषित हो रहे वातावरण को काफी लाभ मिलेगा। अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने कहा कि लगातार पेड़ों की कटाई से पर्यावरण दूषित हो रहा है इससे बचाव व हमारे आने वाली पीढियां के लिए बेहतर जिंदगी देने के लिए पौधा रोपण बहुत ही जरूरी है इस अभियान के तहत सभी लोग एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें मौके पर सीडीपीओ नंदी रानी प्रवेशिका नीलम मिंज सहित प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद थे।

# जय श्री राम समिति का सराहनीय कदम विक्षिप्त व्यक्ति का कराया जा रहा है उपचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति द्वारा विक्षिप्त व्यक्ति का उपचार के साथ-साथ, उसके परिवार से संपर्क करने की हो रही भरपुर कोशिश जानकारी स्वरूप विगत कुछ दिन पूर्व कुडू प्रखंड के टाटी गांव के समीप दुर्घटना में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की घायल हो गया था द्य जिसे जय श्रीराम समिति के द्वारा उपचार किया गया था उस विक्षिप्त व्यक्ति का अच्छे उपचार के लिए प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, विनोद सिंह समेत कई समिति सदस्य अपना योगदान दे रहे हैं प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि यह मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति खुद को पश्चिम बंगाल के हुगली कोलकाता का रहने वाला बतला रहा है इस विक्षिप्त व्यक्ति का वास्तविक रूप लाने के लिए दाढ़ी बाल कटवा दी जा रही है जिससे उनके परिवार जनों को पहचानने में कठिनाई न हो द्य समिति के माध्यम से पश्चिम बंगाल की कोलकाता हुगली से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, विनोद सिंह समेत कई समिति सदस्य मौजूद थे।

# नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का विधायक भूषण बाड़ा ने किया स्वागत, दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी से शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई दी। मौके पर विधायक ने उनका पूरे गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही झारखंड प्रदेश में स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि केशव महतो कमलेश जी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से झारखंड में कांग्रेस कमेटी काफी मजबूत हुई है। आगामी विधानसभा चुनाव में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का अनुभव काम आएगी। निश्चित ही हर सीट पर कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को जीत मिलेगी। साथ ही राज्य में एक बार पुनः एकतरफा बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

# कैरो वार्ड न0 7 की सड़कें हल्की बारिस में भी जलजमाव व कीचड़ में तब्दील, राहगिरों की बढ़ी मुश्किलें



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय से सटे कई मुहल्ले की सड़कें की हाल बेहाल है कुछ सड़के बारिस होने के क्रम में तो तालाब में बदल जाती है। बाद में सड़क पर कीचड़ हो जाता वहीं कीचड़ होने की वजह से आवाजाही में हो रही परेशानी को लेकर कुछ लोगों में रोष है लेकिन ज्यादातर लोगों को इससे कोई फर्क नही पड़ रहा है क्योंकि कीचड़ युक्त सड़क पर चलने की अब लोगों को आदत हो गई। यही हाल है कैरो वार्ड न0 07 की जो बरसात की शुरुआत होते ही कीचड़ की समस्या सुरु हो जाती है। गोपाल यादव के घर से ईश्वर पांडे के घर तक लगभग 400 मीटर की दूरी कीचड़ की वजह से आए दिन कोई ना कोई दोपहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वाले राहगीर फिसल कर गिरते रहते हैं।सड़क की इस हालत से सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों को परेशानी होती है सैकड़ो बच्चे इस रास्ते स्कूल अवागमन करते है जिन्हें काफी परेशानी होती है।हालांकि आम लोगों की इतनी बड़ी समस्या से शासन-प्रशासन को कोई फर्क नही पड़ना दुर्भाग्य की बात है।किया कभी इन सड़कों से राजनीति दल के कोई नेता या वे जनप्रतिनिधि जन्हें जनता वोट देकर कुर्शी में बैठाया है या फिर प्रशासन जो आम जनता के सेवक है इनलोगों का अवागमन इन सड़कों से नही होता है। किया आम ग्रामीणों की इतनी बड़ी समस्या से किसी को कोई फर्क नही पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता अभियान चलाकर समूचे देश को स्वच्छ बना रही है वहीं गांवों की स्थानीय सरकार सफाई को नजर अंदाज कर रही है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन का मुकाबला हुआ जबरदस्त, सलगा-बाहर ने जीत हासिल की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सलगाबहार एफसी बनाम जमुना क्लब सबडेगा के बीच खेला गया द्य जिसमें दोनों ही टीम के खिलाड़ी का जबरजस्त प्रदर्शन रहा द्य सलगाबहार एफसी ने जमुना क्लब सबडेगा को 02:01 से हराकर जीत हासिल कर दूसरे चरण में अपना स्थान बना लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि स्वरुप महिंद्रा टैक्टर शोरूम सिमडेगा के मालिक सुनील कुमार रहे। आज का मैच केएफसी सिमडेगा बनाम शिव संकर क्लब झारसोगरा के बीच खेला जाएगा! इस टूर्नामेंट में अलग अलग कार्यों के लिए टीम गठित कर कार्यभार सौंपी गई है द्य बताते चलें कि 21 अगस्त 2024 दिन बुधवार को डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुवात हुई है जिसमें अंतर-राज्य टीमें भाग ले रही है जैसे छत्तीसगढ़, बंगाल, उड़ीसा झारखंड आदि जगहों से टीमें शामिल हुई है और इस वजह से जबरदस्त खेल का प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, फुटबॉल के इस महामुकाबले में इनाम स्वरुप प्रथम पुरस्कार 151000रु एवं एक बड़ा ट्रॉफी, एवं द्वितीय पुरस्कार 75000 रु एवं बड़ा ट्रॉफी रखा गया है, टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी मेंबर मेंबर जी-जान से लगे हुए हैं द्य डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, उपाध्यक्ष असफाक आलम, पिंटू कुमार सिंह, सचिव अरशद अफरीदी, उपसचिव वेद प्रकाश प्रधान, मोहम्मद हाशिम, कोषाध्यक्ष साजिद आलम उर्फ टीपू, मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा, खेल प्रभारी राजा आलम, असजद अफरीदी, सदस्य गन मो फ़िरदौस, अभिषेक विश्वास, अब्दुल वाहिद, मो वसीम, मो आवेश, कामरान, काशिफ, राजा, तहसीन, साजिद, पप्पू शाह, मिथलेश पांडे, कपिल, इमरान, हेमंत, मनोज, कारू, आसिफ नवाब, मुख्तार, आसिफ, हलीम, शुभम, सोनू, इसाक आदि सदस्यों की मुख्य भूमिका है।

# लचरागढ़ ईंद टांड़ मैदान में तीन दिवसीय शहिद नकुल सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

## शहीद के फोटो पर माल्यार्पण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला और उद्घाटन मैच स्टार क्लब सेमर टोली 1/द्य पबूडा के बीच खेला गया, जिसमें पबुड़ा की टीम एक गोल से विजय हुई। द्वितीय मैच जरा कल बगीचा टोली और जलडेगा एफसी के बीच हुई जिसमें पेनल्टी शूटआउट में 7-6 से जलडेगा की टीम विजयी हुई। तीसरा मैच बजरंग क्लब और राइजिंग स्टार बानो के बीच हुई,चतुर्थ मैच सनराइज जरा खेल और झंडा क्लब कम दांड़ के बीच हुई। वहीं दूसरे राउंड में विजेता टीम के साथ मैच खेला गया। झापा के जिला अध्यक्ष मतियस बागे और अतिश सिंह ने उपस्थित खिलाड़ियों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें।खेल हमें अनुशासन सिखाता है,खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक तथा बौद्धिक विकास भी होता है। हमारा सिमडेगा जिला खेल की दिशा में झारखंड और देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विख्यात है।सिमडेगा जिले को खेल और हॉकी की नगरी कहा जाता है।फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने आए सभी खिलाड़ियों को ढेरों शुभकामनाएं,आप सभी कोई तन मन और लगन से खूब खेलें और अपने माता-पिता के साथ-साथ गांव का नाम पूरे राज्य में रोशन करें। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जोसेफ डुंगडुंग, रसाल खलखो, रवि बड़ाइक, अंकित सुरीन, पिंटू पंडा, खेल समिती के अध्यक्ष अमित कुमारसाहु, उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र साहु, सचिव संतोष साहु, खेल प्रभारी राजेश साहू, महामंत्री संजय मिश्रा, संरक्षक शुक्र सिंह,सदस्य प्रदीप गोप, सुरेश पाइक, अमर सिंह, आकाश नायक, अल्फ्रेड डांग, विजय राज सिंह, अभिषेक प्रधान, राहुल, केरकेट्टा, अकाश लुगुन, डेनी तिर्की, रोहित सिंह, नीरज कुल्लू उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### आजसू की डंडा प्रखंड समिति पुर्नगठित



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी डंडा प्रखंड समिति का पुनर्गठन को लेकर कोरटा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रंजीत मेहता ने किया जबकि संचालन विजय दास ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का पूर्ण गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष रंजीत मेहता, प्रधान सचिव संतोष कुमार रवि, सचिव सूरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष नंदलाल चौधरी, उपाध्यक्ष रूनता देवी, राजू मेहता, संगठन सचिव विजय दास, सोशल मीडिया प्रभारी पवन कुमार ठाकुर, जिला समिति सदस्य प्रदीप चौधरी,कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सिकेश महतो, रवि कुमार महतो, रमेश महतो, जनू राम, राम जी चौधरी, अजय चौधरी, पंकज ठाकुर, सुनील कुमार कुशवाहा, नरेश चौधरी, गोपाल चौधरी, पंकज साहू का नाम शामिल है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को गोल बंद होकर ऐसी सरकार को राज्य के सत्ता से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के रिंगरोड के कवाली में गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बरगावां निवासी बिमल कुमार के रूप में हुई है। बिमल कुमार बरगावां पंचायत के वार्ड सदस्य बताए जा रहे है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।




# कोलकाता हत्याकांड पर सुप्रीम सुनवाई, हुआ जोरदार बहस

## सवालों के घेरे में बंगाल सरकार व पुलिस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एम्स नागपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कहा कि उनके विरोध के कारण अब उन पर हमला किया जा रहा है। उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर वे ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा और अगर वे ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। उन्हें पहले काम पर लौटने के लिए कहें। कोई भी डॉक्टर के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं करेगा। अगर उसके बाद कोई परेशानी होती है तो हमारे पास आएं, लेकिन पहले उन्हें काम पर लौटने दें।पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टर्स की ओर से दलील दी गई कि डॉक्टरों को परेशान किया जा रहा है। वे सुबह एक घंटे रैली करते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं, लेकिन वे भी परेशान किया जा रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा कि इन संस्थानों को चलाने वाले अनुभवी निदेशक कभी ऐसा कुछ नहीं करेंगे। डाक्टर्स ने कहा कि उनकी छुट्टियां काटी जा रही हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि एक बार जब डॉक्टर्स काम पर वापस आ जाएंगे तो हम अधिकारियों पर दबाव डालेंगे कि वे प्रतिकूल कार्रवाई न करें अन्यथा अगर डॉक्टर काम नहीं करेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे चलेगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस अदालत से मिलने वाले आश्वासन से डॉक्टर्स को संतुष्टि मिलनी चाहिए।

## जस्टिस पारदीवाला बोले : 30 साल के करियर में ऐसी लापरवाही नहीं देखी

### हमने नेशनल टास्क फोर्स बनाई है : सीजेआई

सीजेआई ने कहा कि हमने नेशनल टास्क फोर्स बनाई है। इस व्यापक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का मकसद यह है कि सभी हितधारकों से परामर्श किया जाएगा, जिसमें रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल हैं। इसलिए उनकी बात सुनी जाएगी। यदि आप हमारे आदेश को देखें तो हमने वास्तव में उसी पहलू को उजागर किया है कि सार्वजनिक अस्पतालों की एक ढर्रे पर काम होता है। जूनियर डॉक्टर कई तरह के उत्पीड़न झेल रहे हैं, न कि केवल यौन उत्पीड़न। हमें बहुत सारे ईमेल मिले हैं और हम पर बहुत ज्यादा दबाव है। 48 या 36 घंटे की ड्यूटी अच्छी नहीं है।

### क्या है मामला?

सरकारी अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नौ अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिला था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिफ्तार किया है।

### पश्चिम बंगाल पुलिस से सवाल किया

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस से सवाल किया और पोस्टमार्टम के समय के बारे में पूछा। सिब्बल ने जवाब दिया कि यह शाम 6:10-7:10 बजे के आसपास था। सुप्रीम कोर्ट ने आगे पूछा कि जब आप शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए थे तो क्या यह अप्राकृतिक मौत का मामला था या नहीं और अगर यह अप्राकृतिक मौत नहीं थी तो पोस्टमार्टम की क्या जरूरत थी? सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अप्राकृतिक मौत का मामला दोपहर 1:45 बजे दर्ज किया गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने सीडी देखी है, हम पुलिस अधिकारियों की हरकतों, शव को कब देखा गया, पुलिस कब आई, अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, दाह संस्कार और फिर एफआईआर के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं। यह अब एफआईआर से भी मेल खाता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से जनरल डायरी एंट्री पढ़ने का आग्रह किया और कहा कि पुलिस स्टेशन लौटने के बाद रात 11:30 बजे अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया था, यह केवल जीडी एंट्री थी, यही घटनाक्रम है।



### आरोपी की चोट की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में पूछा

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आरोपी की चोट की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में पूछा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह केस डायरी का हिस्सा है। इसके बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सीबीआई ने 5वें दिन जांच शुरू की, सब कुछ बदल दिया गया और जांच एजेंसी को नहीं पता था कि ऐसी कोई रिपोर्ट है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने एसजी की दलील का खंडन किया और कहा कि हर चीज की वीडियोग्राफी है, न कि बदला गया।

### हम सभी जानते हैं कि यह बर्बरता है : सिब्बल

सिब्बल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह बर्बरता है। इन सब चीजों से सिर्फ हालात और उलझते जा रहे हैं। एसजी मेहता ने कहा कि हम सिर्फ पानी से कीचड़ हटा रहे हैं। एक वकील ने पोस्टमार्टम से संबंधित कुछ तथ्यों का उल्लेख किया। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत में दलील देने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न करें, क्योंकि उनके पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट पहले से ही है। सोशल मीडिया पर जो कुछ भी है उसे न पढ़ें।

### पोस्टमार्टम का अप्राकृतिक मौत के पंजीकरण से पहले होना आश्चर्यजनक

सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह बहुत आश्चर्यजनक है क्योंकि पोस्टमार्टम अप्राकृतिक मौत के पंजीकरण से पहले होता है। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से कहा कि कृपया जिम्मेदारी के साथ बयान दें और जल्दबाजी में बयान न दें। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से आगे कहा कि जब वह मामले को अगली तारीख के लिए ले जाएगा तो कृपया यहां एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को मौजूद रखें क्योंकि अदालत को अभी तक यह ठीक-ठीक जवाब नहीं मिला है कि अप्राकृतिक मौत का मामला कब दर्ज किया गया था।

### पुलिस रिपोर्ट पर जस्टिस पारदीवाला ने जताई नाराजगी

सिब्बल ने कहा कि कृपया केस डायरी देखें। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि यूडी केस कब दर्ज हुआ? सिब्बल ने जवाब दिया कि दोपहर 1:45 बजे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको यह कैसे पता चला? हमें दिखाइए। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि कृपया यहां एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को मौजूद रखें। हमें अभी तक यह जवाब नहीं मिला है कि यूडी केस कब दर्ज हुआ। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि हमें बताएं कि जांच पंचनामा कब हुआ? सिब्बल ने जवाब दिया कि शाम 4:20 से 4:40 बजे। कोर्ट ने कहा कि हमारे पास जो रिपोर्ट है, उससे पता चलता है कि जांच पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद यूडी केस दर्ज हुआ। सिब्बल ने इससे इनकार किया। इसके बाद जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि राज्य सरकार ने इस केस में इस तरह से काम किया, जो मैंने अपने 30 साल के करियर में नहीं देखा। क्या यह सच है कि अननैचुरल डेथ रिपोर्ट 10:30 बजे दर्ज की गई थी? यह असिस्टेंट सुपरिंडेंट नॉन-मेडिकल कौन है? उसका आचरण भी बहुत संदिग्ध है, उसने ऐसा व्यवहार क्यों किया?

### सीजेआई ने अस्पताल से जुड़ी एक वाकया सुनाया सीजेआई ने बताया अस्पताल के फर्श पर सोने का वाकया

सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी एक कहानी भी सुनाई। उन्होंने बताया कि वह एक बार एक सार्वजनिक अस्पताल के फर्श पर सोए थे, जब उनके एक रिश्तेदार की तबीयत खराब थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### डॉक्टर्स को प्रशासन द्वारा धमकाया जा रहा है

सीनियर एडवोकेट गीता लूथरा ने आरजी कर जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की बात कोर्ट के सामने रखी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स को प्रशासन के सदस्यों, अस्पताल के लोगों द्वारा धमकाया जा रहा है। सीनियर एडवोकेट करुणा नंदी ने कहा कि यह एकदम सही बात है। मैं कोलकाता में डॉक्टरों के लिए पेश हुई हूं। वहां गुंडे डॉक्टर्स को डरा धमका रहे हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह तो गंभीर है, हमें नाम बताइए, हम इस पर ध्यान देंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से भी पूछे सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने घटना से जुड़े तथ्यों पर पश्चिम बंगाल सरकार से भी सवाल पूछे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि एक पहलू बेहद परेशान करने वाला है, अप्राकृतिक मौत की डीडी एंट्री सुबह 10:10 बजे दर्ज की गई है, लेकिन अपराध स्थल की सुरक्षा, जब्ती रात में की गई। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने वीडियोग्राफी के आधार पर एक समयसीमा दी है।

# बच्चों के साथ भावनात्मक संबंध जरुरी : अविनाश देव

*** पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर संत मरियम के शिक्षकों के लिए आंतरिक प्रशिक्षण का आयोजन**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिस तरह वैज्ञानिक हमारे जीवन को सरल व सहज बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का जाल बुनते जा रहे हैं वह बेशक हमारे जीवन के लिए लाभप्रद है लेकिन टेक्नोलॉजी हमें अपंग भी बना रही हैं। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी बच्चों के शिक्षण को आकर्षक व दिलचस्प जरूर बनाती है परंतु इससे कई गुना ज्यादा उन्हें व्याकुलता भी प्रदान करती हैं, ऐसे दौर में बच्चों को शिक्षा देना चुनौतियों से कम नहीं है। उक्त बातें संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने शिक्षकों के लिए हैप्पीनेस क्लासरूम, पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर आयोजित आंतरिक प्रशिक्षण के दौरान कहा। आगे इन्होंने कहा कि जब तक हम किसी भी विषय के बारे में विस्तृत अध्ययन और बच्चों के मनोस्थिति उनके वातावरण के अनुरूप हम विषयों को नए स्वरूप में ढालकर प्रस्तुत नहीं करेंगे तब तक वह हमें श्रवण करना अथवा समझना पसंद नहीं करेंगे।

अर्थात बच्चों के दिनचर्या, दिल व दिमाग के साथ भावनात्मक संबंध बनाकर ही शिक्षा देना बच्चों के लिए अथवा शिक्षकों के लिए यह प्रयास सार्थक साबित होगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एस वी शाहा, समन्वयक अचला कुमारी, रिजवाना प्रवीण, अमरेंद्र कुमार, रोशन राज समेत समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री चिराग 25 को आयेंगे रांची

**रांची :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 25 अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगे। पासवान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 25 अगस्त को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित होगा। इस बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद वीणा देवी, सांसद शाम्भवी चौधरी, सांसद अरुण भारती, सांसद राजेश वर्मा सहित देश के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष सहित केंद्र शासित प्रदेशों के अध्यक्ष एवं विधायक, पूर्व विधायक सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधान गुरुवार को डोरंडा स्थित श्रीकृष्णा एन्क्लेव में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठक के डीपीएस स्कूल के समीप कार्निवल बैंक्वेट हॉल में अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।


## अमित शाह ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री से राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में ली जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा से टेलीफोन पर बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा से बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली । केंद्र सरकार राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय सरकार की सहायता के लिए एनडीआरएफ की टीमों के अलावा नावों और हेलीकॉप्टरों को भी राज्य में भेज रही है।

जरूरत पड़ने पर केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। मोदी सरकार संकट की इस घड़ी में त्रिपुरा के हमारे बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़ी है।वहीं मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि राज्य में मौजूदा गंभीर बाढ़ की स्थिति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। उन्होंने बताया कि असम और अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कुल ग्यारह एनडीआरएफ टीमों को त्रिपुरा भेजा जाएगा।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए हेलिकॉप्टरों की भी व्यवस्था की जाएगी। एनडीआरएफ टीमों के साथ अधिक संख्या में नावें भी भेजी जाएंगी। मैं त्रिपुरा के लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए गृह मंत्री को धन्यवाद देता हूं।पूरी राज्य सरकार की मशीनरी इस अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। मैं संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार के साथ सहयोग करने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों को धन्यवाद देता हूं।

# भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी की अध्यक्षता में युवा आक्रोश रैली के पुर्व संध्या पर मशाल जुलूस का आयोजन गोविंद हाईस्कूल के मैदान से रंका मोड़ तक किया गया।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि जिस तरह से झारखंड में आम जनता को जगह जगह प्रताड़ित किया जाता है इससे आम जनता त्राहि-त्राहि कर रहा है। युवा किसान महिला हर वर्ग वर्तमान झामुमो सरकार से छुटकारा चाहती है।भाजपा जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि गढ़वा की गढ़वा सहित पूरे झारखंड में लुट मचा हुआ है। गढ़वा की जनता भय के सागर में जीने को मजबुर है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि युवा विरोधी भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी गढ़वा सहित पूरे झारखंड में युवाओं को रोजगार एवं उनका अधिकार मिल पाएगा। हेमंत सरकार में बैठे मंत्री विधायक झारखंड को दोनों हाथों से लुट रहें हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, भाजपा नेता भगत सिंह साहु, विजय केशरी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, संजय ठाकुर, बिनय चौबे, विवेकानंद तिवारी, हरेन्द्र दुबे, बबलु पटवा, रितेश चौबे, कैलाश कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, चंदन जायसवाल, टिंकू गुप्ता, उमेश कश्यप, मंगल मुर्ति तिवारी, चंद्रमणि धर दुबे, सुमित तिवारी, शैलेश तिवारी, शुभम गुप्ता, उदय कुशवाहा, अनीत तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हेमंत राज में हिंदुओं के पास प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं अमर बाउरी

**रांची :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि हेमंत राज में झारखंड के हिंदुओं के पास प्रताड़ित होने के अलावा कोई चारा नहीं है। गुरुवार को एक्स पर उन्होंने सवाल किया कि क्या रक्षाबंधन में बहनें मेहंदी भी नहीं लगा सकती। हेमंत सरकार ने अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के कारण पूरे प्रदेश का सत्यानाश कर दिया है, इसीलिए हेमंत हटाओ और सुशासन लाओ जरूरी है। जब सरकार का संरक्षण प्राप्त हो तो विकृत मानसिकता वाले लोगों का मनोबल बढ़ ही जाता है। उन्होंने लिखा है कि पहले रामनवमी फिर मोहर्रम और अब मनसा पूजा में प्रशासन के नाक के नीचे हिंदुओं पर हमला हुआ। धनबाद के कालूबथान में मनसा देवी की प्रतिमा विसर्जित करने जा रहे लोगों से पुलिस की मौजूदगी में मारपीट हुई। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ।

## कोलकाता दुष्कर्म व हत्या के विरोध में सेक्स वर्करों ने दुर्गा प्रतिमा के लिए मिट्टी देने से किया इनकार



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित सोनागाछी की सेक्स वर्करों ने इस साल दुर्गा पूजा की प्रतिमाओं के लिए अपने आंगन की पवित्र मिट्टी देने से इनकार कर दिया है। यह रुख उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में अख्तियार किया है। प्रदेश में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं बनाने के लिए परंपरागत रूप से वेश्यालय की मिट्टी का उपयोग किया जाता है। इस मिट्टी को पवित्र माना जाता है। राज्य के सेक्स वर्करों की एक प्रमुख संस्था दुर्बार महिला समन्वय समिति की एक पदाधिकारी ने कहा कि इस साल हम दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में अपने आंगन की मिट्टी नहीं दे रहे हैं। अक्सर दुष्कर्म पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता। अब समय आ गया है कि हम इस मामले में अपनी आवाज उठाएं और इसलिए हमने इस बार अपनी आंगन की मिट्टी देने से मना कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न रेड लाइट इलाकों की सेक्स वर्करों ने इस जघन्य अपराध के विरोध में रैलियां निकालीं। उनके प्रदर्शनों में एक आम नारा था- यदि आवश्यक हो, तो हमारे पास आओ लेकिन किसी महिला का दुष्कर्म मत करो। इसी बीच, कोलकाता की कुछ दुर्गा पूजा समितियों ने राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले वार्षिक आर्थिक अनुदान को लेने से इनकार कर दिया है। इस साल अनुदान राशि को बढ़ाकर 85 हजार रुपये कर दिया गया है जबकि पिछले साल यह 70 हजार रुपये थी। उल्लेखनीय है कि 09 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था।

### एम्स और आरएमएल के डॉक्टरों ने खत्म की हड़ताल, मरीजों ने ली राहत की सांस

**नई दिल्ली :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज-अस्पताल में महिला डाक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्याकांड के विरोध में देश के साथ राजधानी के सरकारी अस्पतालों में चली रही डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। इससे मरीजों ने राहत की सांस ली है। गुरुवार को एम्स, नई दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने 11वें दिन के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। आरडीए की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आश्वासन के बाद हड़ताल को खत्म किया जा रहा है। इसके साथ ही बयान में ये भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक हड़ताली डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी जो राहत की बात है। इसके साथ आरडीए ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित टास्क फोर्स का स्वागत करते हुए सरकार के उपायों पर संतोष जताया है।